
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 292 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, सोमवार 20 मई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



आज युग अर्थमय हो गया है, इसलिये विकास का क्रम रूक गया है।
This era has become money-oriented hence its sequentail.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के इंजन में लगी आग, बेंगलुरु हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के एक इंजन में शनिवार रात उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने के कारण बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उसकी आपात लैंडिंग कराई गई। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया। विमान बेंगलुरु से कोच्चि जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि उड़ान भरने के तुरंत बाद चालक दल के सदस्यों ने इंजन में आग लगने के बारे में एटीसी को सूचना दी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा, बेंगलुरु-कोच्चि फ्लाइट के उड़ान भरते ही दाहिने इंजन से आग की लपटे निकलती देखी गईं। इसके बाद विमान को वापस उतारने का फैसला किया गया और शनिवार रात विमान बेंगलुरु हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा।

### आगरा में जूता कारोबारियों पर आयकर विभाग की रेड, 60 करोड़ कैश बरामद

**आगरा (आरएनएस)।** तीन बड़े जूता कारोबारियों के यहां तलाशी के दौरान जो कैश मिला है उसने सबके होश फाख्ता कर दिए हैं। अभी तक 60 करोड़ रुपये नकद बरामद किए जाने की जानकारी मिली है। आयकर विभाग की तरफ से एमजी रोड के बीके शूज, धाकरान के मंशु फुटवियर और हींग की मंडी के हरमिलाप ट्रेडर्स पर ये कार्रवाई एकसाथ की गई है। गिनती के लिए बैंकों से नोट गिनने की मशीनें मंगवाई गई हैं।

# लोकसभा चुनाव-2024 : पांचवें चरण में 8 राज्यों की 49 सीटों पर मतदान आज

**सुचारू ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने 94 हजार से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए**




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा के पांचवे चरण में दो केंद्र शासित प्रदेशों और छह राज्यों की कुल 49 सीट पर मतदान होगा। इस चरण में 82 महिलाओं समेत कुल 695 उम्मीदवारों मैदान में हैं। इनके भाग्य का फैसला 8.95 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर करेंगे। इससे पहले शनिवार की शाम पांचवें चरण के लिए चुनाव प्रचार का शोर थम गया। इस चरण में कई प्रमुख राजनेता अपनी सियासी विरासत को बचाने का प्रयास करेंगे। सुचारू ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए 94 हजार से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट का प्रतिनिधित्व साल 2004 से उनकी मां सोनिया गांधी कर रही थीं। राहुल केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ रहे हैं और अब यह देखना होगा कि क्या वह दोनों सीट पर जीत हासिल कर पाते हैं। पिछले आम चुनाव में राहुल गांधी ने अमेठी से चुनाव लड़ा था लेकिन इस सीट पर वह भाजपा की स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने स्मृति ईरानी को टक्कर देने के लिए अपने समर्पित कार्यकर्ता केएल शर्मा को इस सीट से मैदान में उतारा है। वहीं, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य सारण से चुनावी मैदान में हैं। उधर, महाराष्ट्र की 13 सीट पर सोमवार को मतदान होगा। हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल शामिल हैं। कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन यह एक ऐसी लड़ाई भी है जो यह तय करेगी कि शिवसेना के किस गुट के पास मतदाताओं का ज्यादा समर्थन है।

लद्दाख में भी चुनावी लड़ाई दिलचस्प है। जहां एक निर्दलीय उम्मीदवार भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को टक्कर दे रहा है। बिहार के हाजीपुर में लोजपा (राम विलास) नेता चिराग पासवान अपने पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की विरासत को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। रामविलास ने हाजीपुर सीट कई बार जीती थी। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ चौथे चरण के साथ 13 मई को शुरू हुए थे। पांचवें चरण में राज्य की कुल 21 लोकसभा सीट में से पांच और 35 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। इस चरण में 49 लोकसभा सीट के लिए कुल 695 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### इन राज्यों की इतनी सीट पर मतदान

इस चरण में बिहार की 5, झारखंड की 3, महाराष्ट्र की 13, ओडिशा की 5, उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की 7 और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की 1-1 सीट पर मतदान होगा। 49 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों 39 सामान्य, तीन अनुसूचित जनजाति, और सात सीटें अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित।

### यूपी में 14 सीटों पर डाले जाएंगे वोट

उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण में 14 सीटों पर मतदान होगा। इनमें से ज्यादातर सीटें अवध और बुंदेलखंड क्षेत्र में हैं। इन सीटों में लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, फैजाबाद, कैसरगंज, बाराबंकी, गोंडा, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर और कौशांबी सीट है। इन सीटों पर 144 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से 10 सीटें सामान्य श्रेणी की, चार सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

## बंगाल की सात लोकसभा सीटों पर आज मतदान, 88 उम्मीदवारों की किस्मत होगी तय

**कोलकाता ( आरएनएस )।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को पश्चिम बंगाल की सात सीटों पर मतदान होगा। इन सीटों पर 88 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। बनगांव से केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर, बैरकपुर से भाजपा नेता अर्जुन सिंह, हुगली से भाजपा की लॉकेट चटर्जी और तृणमूल कांग्रेस की रचना बनर्जी प्रमुख उम्मीदवार हैं। हुगली सीट पर दोनों के बीच कड़ा मुकाबला है। पश्चिम बंगाल की जिन सात लोकसभा सीटों पर 20 मई को मतदान होगा, उनमें हुगली, आरामबाग, सेरामपुर, बैरकपुर, बनगांव, हावड़ा और उलूबेरिया शामिल है। इन सभी सीटों पर 88 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सबसे ज्यादा 15 उम्मीदवार बनगांव, इसके बाद बैरकपुर और हावड़ा से 14-14, उलूबेरिया और हुगली से 12-12, सेरामपुर से 11 और आरामबाग से 10 उम्मीदवार मैदान में हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में हुगली, बैरकपुर और बनगांव सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी, जबकि शेष चार पर टीएमसी के उम्मीदवार जीते थे।

# हरियाणा में पीएम नरेन्द्र मोदी बोले, धाकड़ सरकार से अब भारत के दुश्मन कांप रहे



**अंबाला ( आरएनएस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हरियाणा के अंबाला में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि भारत के दुश्मन अब कुछ भी करने की योजना बनाने से पहले 100 बार सोचते हैं, क्योंकि केंद्र में एक धाकड़ सरकार है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हरियाणा का मतलब है हिम्मत और हौसला। चुनाव के चार चरणों में देश की जनता ने इंडिया गठबंधन को हरा दिया है। विपक्षी गठबंधन के पार्टी कार्यकर्ता निराश हैं। हरियाणा की तरह ही मोदी ने 10 साल तक धाकड़ तरीके से सरकार चलाई है। आज जब आप अंबाला के आसमान में राफेल विमान देखते हैं, तो क्या आपको गर्व महसूस नहीं होता ? मैं अगले पांच सालों के लिए आपका आशीर्वाद मांगने आया हूं। हरियाणा एक ऐसा राज्य है, जिसकी रगों में देशभक्ति है।

उन्होंने आगे कहा कि जब देश में मजबूत सरकार होती है, तो दुश्मन कुछ भी करने से पहले 100 बार सोचता है। हमारी मजबूत सरकार ने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया। कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने 10 साल में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 7.5 लाख करोड़ रुपये की फसल खरीदी। पीएम मोदी ने 10 साल में एमएसपी पर 20 लाख करोड़ रुपये की फसल खरीदी, जो लगभग तीन गुना है।उन्होंने कहा कि जो पाकिस्तान पिछले 70 सालों से भारत को परेशान कर रहा था। जिसके हाथ में बम था, वह अब भीख का कटोरा लेकर खड़ा है। जब देश में धाकड़ सरकार होती है तो दुश्मन कांप उठते हैं।पीएम मोदी की चुनावी रैली में अंबाला से बंतो कटारिया, कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल और करनाल से मनोहर लाल खट्टर सहित कई भाजपा उम्मीदवारों के अलावा मुख्यमंत्री नायब सैनी और वरिष्ठ कैबिनेट सहयोगी भी शामिल हुए। हरियाणा की 10 संसदीय सीटों के लिए मतदान छठे चरण में 25 मई को होगा।

## पीएम मोदी पंजाब में 23-24 मई को करेंगे तीन रैलियां

**चंडीगढ़ ( आरएनएस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 और 24 मई को पंजाब में तीन चुनावी-रैलियों को संबोधित करेंगे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री 23 मई को पटियाला में पार्टी उम्मीदवार परनीत कौर के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अगले दिन 24 मई को वह गुरदासपुर में दिनेश बाबू और जालंधर में सुशील रिंकू के समर्थन में रैलियां करेंगे।

भाजपा राज्य में पहली बार अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। इसलिए, इस बार उसकी असली परीक्षा होनी है। अकाली दल तीन कृषि कानूनों के मुद्दे पर करीब तीन दशक पुराना गठबंधन तोड़कर सितंबर 2020 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग हो गया था। शिरोमणी अकाली दल (एसएडी) और भाजपा 1996 से राज्य में सीटों के बंटवारे के आधार पर चुनाव लड़ती रही है।

पिछली बार 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने राज्य की 13 लोकसभा सीटों में से आठ जीती थीं। भाजपा और एसएडी को दो-दो सीटों पर जीत मिली थी जबकि आप के खाते में मात्र एक सीट गई थी।

पंजाब में इस बार सभी सीटों पर एक साथ 1 जून को मतदान होना है।

## राहुल गांधी और अखिलेश की सभा में जबरदस्त हंगामा



**बैरिकेडिंग तोड़ स्टेज पर पहुंचे लोग; मची भगदड़**

**प्रयागराज ( आरएनएस )।** यूपी के प्रयागराज में रविवार को इंडिया ब्लॉक की चुनावी जनसभा में जमकर हंगामा हुआ। इस सभा को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव संबोधित करना था, लेकिन बवाल के कारण दोनों का संबोधन नहीं हो सका।

फूलपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य के समर्थन में आयोजित इस संयुक्त रैली के दौरान मंच पर भारी अव्यवस्था की वजह से अखिलेश यादव और राहुल गांधी बिना भाषण दिए ही कार्यक्रम स्थल से रवाना हो गए। समाजवादी पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। रैली में हंगामे के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति हो गई।

उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग बैरिकेड तोड़कर मंच पर चढ़ गए जिससे मंच पर जगह ही नहीं बची। उन्होंने कहा कि फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में पड़िला महादेव में आयोजित इस रैली में अखिलेश यादव और राहुल गांधी दोनों मौजूद थे, लेकिन दोनों ने ही सभा को संबोधित नहीं किया।

## गलत नीतियों के कारण कांग्रेस और सहयोगी पार्टी अब सत्ता से बाहर है: मायावती

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ ( आरएनएस )।** स्थानीय नगर के मोहल्ला नाजोपट्टी स्थित नॉर्मल ग्राउंड में बसपा सुमित सुप्रीमो मायावती ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पूंजीपतियों की पार्टी है। इस सरकार में गरीबों को लालीपाप देकर उनका मत ले लिया जाता है। इस बात को जानता पूरी तरह से समझ चुकी है अब इनके झूठ फरेब में आने वाली नहीं है। कहा कि बसपा ने सारे समाज को बराबर का भागेदारी दिया है। मुझे भरोसा हो गया है की इस चुनाव में आप लोगों के सहयोग से जबरदस्त सफलता मिलेगी। कांग्रेस की गलत नीतियों से कांग्रेस और सहयोगी पार्टी अब सत्ता से बाहर है। जातिवादी संकीर्णवादी और धर्मवादी राजनीति के चलते इस बार भाजपा भी सत्ता में नहीं आएगी।

## दशकों से झूठ बोलेने की बीमारी है, आसानी से नहीं जाएगी : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**छत्तीसगढ़ में पीडीएस मामले पर मुख्यमंत्री साय ने कांग्रेस पर साधा निशाना, प्रियंका गांधी को जमकर सुनाया**



**रायपुर ( आरएनएस )।** छत्तीसगढ़ के पीडीएस सिस्टम में चावल वितरण पर झूठ बोलने को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रियंका गांधी को जम कर धोया है। प्रियंका गांधी ने अपने एक इंटरव्यू में कहा कि छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी तो 35 किलो राशन दिया जाता था और अब केवल पांच किलो दिया जाता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा है कि, कांग्रेस की 70 सालों से झूठ बोलने की बीमारी है, इतनी आसानी से तो जाएगी नहीं प्रियंका जी, झूठ फैलाने से फुरसत मिल जाए तो आपकी कांग्रेस सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में किए गए 5000 करोड़ के चावल घोटाले पर भी दो शब्द कह दें। आपकी अज्ञानता का फ़ायदा उठाकर हर बार छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता आप लोगों को बुद्धू बना देते हैं। पिछली बार कांग्रेसियों ने राहुल जी को कह दिया था कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के हर जिले में फूड पार्क बना दिया है, उस झूठ का जवाब छत्तीसगढ़ की जनता ने आपकी पार्टी को रसातल में पहुंचा कर दे दिया। और इस बार राशन के मामले में फिर आपकी पार्टी ने आपको बेवकूफ बना दिया। थोड़ा पढ़ लिख लिया कीजिए कोई बयान देने से पहले। थोड़ा होमवर्क कर बयान देंगी तो बार-बार फ़जीहत नहीं होगी। याद रखिए, कांग्रेस की तरह हमारी सरकार गरीबों के राशन पर डाका नहीं डाल रही है बल्कि और भी अधिक सुगमता से राशन का वितरण यथावत जारी है। यहां उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में पीडीएस के अंतर्गत केंद्र सरकार से मिलने वाले पांच किलो चावल के अतिरिक्त एक सदस्य वाले कार्डधारी को दस किलो, दो सदस्य वाले कार्डधारी को बीस किलो, तीन से पांच सदस्य वाले कार्डधारी को पैतीस किलो, और पांच से अधिक सदस्य वाले कार्डधारी को सात किलो प्रति सदस्य निशुल्क चावल विष्णु सरकार दे रही है।

**स्वाति मालीवाल मामला**

## पुलिस ने सीएम केजरीवाल के आवास से डीवीआर सीज किया

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी और मारपीट के मामले की जांच के क्रम में दिल्ली पुलिस ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास का डिजिटल वीडियो रिकॉर्ड (डीवीआर) सीज कर लिया।


मालीवाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार ने 13 मई को सीएम आवास के भीतर उनके साथ बदसलूकी की और उन्हें पीटा। पुलिस ने मामला दर्ज कर शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में एक स्थानीय अदालत ने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस टीम ने घटना के फुटेज प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री आवास से डीवीआर तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किये हैं। उनका कहना है कि कुमार पूछताछ के दौरान साफ-साफ जवाब नहीं दे रहे हैं।

पुलिस ने अदालत को बताया था कि उसे जो सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराया गया है वह ब्लैंक है। कुमार ने अपना मोबाइल फोन पुलिस को दिया लेकिन पासवर्ड नहीं बताया। इसके अलावा कुमार ने खराबी का बहाना बनाकर एक दिन पहले अपना मोबाइल फॉर्मेट कर दिया था। पुलिस ने अदालत को बताया कि फोन को फॉर्मेट करने से पहले उसके डाटा को क्लोन करना होता है। इसलिए, उनके फोन के डाटा को वापस हासिल करने के लिए उन्हें मुंबई ले जाया जाएगा क्योंकि डाटा रिट्रीव करने के लिए विशेषज्ञों के समक्ष उनकी उपस्थित जरूरी है।

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा में कहा**

## तुष्टिकरण की राजनीति करती है सपा, कांग्रेस



**जौनपुर ( आरएनएस )।** जिले के मड़ियाहूं के रामलीला मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना है , इस बार लोकसभा चुनाव में 400 सीटों के पार जाना है। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश के अर्थतंत्र को 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर लाया है। यह चुनाव भारत को विश्व का तीसरा अर्थ तंत्र बनाना है, आतंकवाद से मुक्त करना है और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना है।

उन्होंने कहा कि इस बार नरेंद्र मोदी 400 से बहुत आगे निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि , 70 साल से कांग्रेस राम मंदिर के मसले को भटका रही थी, लटका रही थी। सोनिया गांधी, सपा मुखिया अखिलेश यादव, राहुल बाबा और प्रियंका गांधी को निमंत्रण दिया लेकिन यह लोग प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आए क्योंकि यहां आएंगे तो इनको वोट नहीं मिलेगा। यह लोग तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। यह कश्मीर हमारा है या नहीं उत्तर प्रदेश और राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना देना यह कहते थे लेकिन मड़ियाहूं का बच्चा-बच्चा मेरे कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस कश्मीर में धारा 370 को हटाने के खिलाफ थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 370 हटाई पूरे कश्मीर में आज हमारा तिरंगा शान से लहरा रहा है। मोदी ने देश को आतंकवाद से मुक्त कर दिया। सोनिया और मनमोहन की सरकार में आतंकी घुस जाते थे और धमाके करते थे। 80 करोड़ गरीबों को अनाज देने का काम किया, साथ ही 12 करोड़ गरीब माता को शौचालय बनाकर उनकी रक्षा की है, 4 करोड लोगों को घर बनाए, गैस कनेक्शन दिए, कोरोना के सबको टिका लगवाये। श्री शाह ने कहा कि आज मोदी सरकार में पाकिस्तान की कुछ भी गलत करने की हिम्मत नहीं है जबकि यही पाकिस्तान कांग्रेस सरकार में आए दिन कोई न कोई कांड करता रहता था। उसने पुलवामा अटैक कर एक भूल कर दी थी जिसका जवाब इतना तगड़ा दिया गया कि आज तक उसकी हिम्मत नहीं पड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग झूठ फैला रहे कि मोदी सत्ता में आए तो आरक्षण खत्म कर देंगे। तेलंगाना और कर्नाटक में इन लोगों ने मुस्लिम को आरक्षण दिया, जो ओबीसी का था। उन्होंने कहा कि किया इन लोगों ने और आरोप बीजेपी पर लगा रहे। उन्होंने आप मोदी जी को तीसरी बार पीएम बना दो मुस्लिम का आरक्षण खत्म कर के एस सी, एस टी और ओबीसी को दूंगा। कांग्रेस पार्टी दूसरी बार देश का बंटवारा करना चाहती थी। हमने कहा भारतीय जनता पार्टी देश का बंटवारा नहीं होने देगी।

## ये घमंडिया गठबंधन है, इसमें सभी भ्रष्टाचारी इकट्ठे हो गए : जेपी नड्डा



**कैथल ( आरएनएस )।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कैथल में विजय संकल्प जनसभा को संबोधित किया और भाजपा के समर्थन में वोट देने की अपील की। इस मौके पर जेपी नड्डा ने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि यह गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये घमंडिया गठबंधन है, इसमें सभी परिवारवादी, भ्रष्टाचारी और महिलाओं का अपमान करने वाले लोग हैं। इनकी करतूतें बेहद गंदी हैं और ऐसे लोगों को घर बैठाने का काम करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की राजनीतिक संस्कृति बदली है। भ्रष्टाचार खत्म किया और आज पूरी दुनिया में भारत का ऊंचा रुतबा है।

नड्डा ने कहा कि आम आदमी पार्टी का चरित्र क्या है, इसके तीन लोग भ्रष्टाचार के नाम पर जेल में पड़े हैं। जिन नेताओं के घर में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार होता है इन लोगों को देश में आने दोगे क्या ? इससे पहले जेपी नड्डा ने भारत माता की जय के साथ संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आपका उत्साह, उमंग और ऊर्जा बता रही है कि आपने नवीन जिंदल को जिताकर लोकसभा भेजने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ साल में जितना काम हुआ है। उतना कभी नहीं हुआ। आज जो देश में काम हुआ, हरियाणा में जो काम हुआ और आपके कैथल में जो काम हुआ उसकी एक लंबी सूची भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आपके सामने रखी है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हमें यह समझना पड़ेगा कि मोदी जी के नेतृत्व में सिर्फ हरियाणा ही नहीं बदला, देश ही नहीं बदला, बल्की मोदी जी के नेतृत्व में देश की राजनीति की संस्कृति बदल गई, कामकाज का तरीका बदल गया।

## छत्तीसगढ़ संविदा कर्मचारियों के हक में सुप्रीम कोर्ट का आया बड़ा फैसला

**संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की राह होगी आसान**



**नई दिल्ली/रायपुर ( आरएनएस )।** छत्तीसगढ़ में पिछले करीब 10 साल से संविदा और अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा सियासी गलियारों में गूंज रहा है। नियमितीकरण की मांग को लेकर कई बार कर्मचारी आंदोलन भी कर चुके हैं। अगर पिछली भूपेश सरकार की बात करें तो उन्होंने कर्मचारियों से वादा किया था कि सत्ता में आते ही संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी कांग्रेस ने अपना वादा पूरा नहीं किया। लेकिन इस बीच कल सुप्रीम कोर्ट ने संविदा कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला दिया है।

दरअसल गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में विजय कुमार गुप्ता सहित 98 कर्मचारी दैनिक वेतनभोगी के तौर पर कार्यरत थे। ये सभी कर्मचारी विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से करीब 10 साल या उससे अधिक समय से कार्यरत थे। साल 2008 में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इन सभी कर्मचारियों को नियमित करने का आदेश जारी किया था। जारी आदेश के अनुसार 10 साल या उससे ज्यादा समय तक सेवा चुके कर्मचारियों को नियमित किया जाना था। इस आदेश के परिपालन में उच्च शिक्षा संचालक ने भी 26 अगस्त 2008 को विभाग में कार्यरत ऐसे कर्मियों को स्ववित्तीय योजना के तहत नियमितीकरण और नियमित वेतनमान देने का आदेश दिया। मार्च 2009 तक इन्हें नियमित वेतन भी दिया गया। इसके बाद बिना किसी जानकारी या सूचना दिए यूनिवर्सिटी ने नियमित वेतन देना बंद कर दिया था।

कर्मचारियों को सुनवाई का अवसर दिए बिना ही उन्हें कलेक्टर दर पर वेतनमान देने का आदेश जारी कर दिया। इसके साथ ही 10 फरवरी 2010 को तत्कालीन रजिस्ट्रार ने 22 सितंबर 2008 को जारी शासन के नियमितीकरण को भी निरस्त कर दिया। रजिस्ट्रार के इस आदेश को चुनौती देते हुए कर्मचारियों ने अधिवक्ता दीपाली पाण्डेय के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें बताया गया कि गुरु घासीदास विवि को राज्य सरकार से केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में स्वीकार किया गया है। लिहाजा, राज्य शासन के अधीन कार्यरत सभी कर्मचारियों को उसी स्थिति में केंद्रीय विश्वविद्यालय में शामिल करना चाहिए, जिस स्थिति में कर्मचारी राज्य विश्वविद्यालय में कार्यरत थे। लेकिन, यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने ऐसा नहीं किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सेना ने नया रायपुर में सम्मानित किए छह शहीदों के परिजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नया रायपुर स्थित मिलिट्री स्टेशन पर सेना के विभिन्न अभियानों में शहीद हुए सेना के छह जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम (सेवानिवृत्त) ने छत्तीसगढ़-ओड़िशा सब एरिया स्टेशन में सेना के विभिन्न अभियानों में कर्तव्यपथ पर आगे बढ़कर अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। सम्मानित परिजनों में स्व. लेफ्टिनेंट राजीव पांडे, वीर चक्र, 8 जेएके एलआई की माता श्रीमती शकुंतला पांडे, स्व. लेफ्टिनेंट चैतन्य दुबे, आर्टिलरी के अभिभावक कर्नल एवं श्रीमती एके दुबे, स्व. कर्नल विप्लव त्रिपाठी, 2 कुमायूं के पिता श्री सुभाष त्रिपाठी, स्व. नायक मोती राम, एएससी की पत्नी श्रीमती पद्मावती, स्व. सिपाही गणेश राम, सेना मेडल, बिहार रेजिमेंट की माता श्रीमती जागेश्वरी बाई और स्व. सूबेदार मेजर हरीराम तराम, बिहार रेजिमेंट की पत्नी श्रीमती कुंती तराम शामिल हैं। कार्यक्रम का आयोजन ब्रिगेडियर अमन आनंद, वीएसएम, सीजी-ओडिशा सब एरिया के कमांडर की ओर से किया गया।

### रायपुर रेल मंडल में मोबाइल वैन के माध्यम से भारत आटा और भारत चावल लेने की सुविधा




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में नेशनल एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (NAFED) की योजना के अंतर्गत मोबाइल वैन के माध्यम से भारत आटा और भारत चावल बेचने के लिए रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, भाटापारा और धमतरी रेलवे स्टेशनों के परिसर में अनुमति प्रदान की गई है। यह अनुमति 03 महीने की अवधि अर्थात 18.05.2024 से 17.08.2024 तक के लिए दी गई है, भारत आटा और भारत चावल की मोबाइल वैन वेंडिंग को शाम को 02 घंटे 16॒00 बजे से 18॒00 बजे तक के लिए उपलब्ध रहेगी। भारत आटा ञ्च 27.50 रुपए प्रति किलो एवं भारत चावल ञ्च 29 रुपए प्रति किलो कि दर से नेशनल एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (NAFED) द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

### स्वच्छ भारत मिशन के एमडी और पंचायत निदेशक ने किया एमआरएफ सेंटर का अवलोकन

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की एमडी श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पंचायत निदेशक श्रीमती प्रियंका महोबिया ने बुरूँद सेमरा में स्थित मटेरियल रिसाइकल फेसेलिटी सेंटर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बस्तर में प्लास्टिक सामग्रियों के रिसाइकल परियोजना को समझने और छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में समान परियोजनाओं को लागू करने की संभावनाओं का पता लगाने का प्रयास किया। दोनों अधिकारियों को एमआरएफ सेंटर में कचरा कलेक्शन, कचरा को अलग करने के साथ ही संस्था में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। अधिकारियों ने संस्था में काम करने वाले सफाई मित्रों के साथ बातचीत की, एमआरएफ सेंटर में उनके काम और एमआरएफ सेंटर के खुलने से उनके जीवन में आए बदलाव पर भी चर्चा की। उन्होंने बस्तर की रिसाइकल सेंटर की योजना पर आधारित कार्यशाला का एक राज्य स्तर पर एसबीएम कार्यशाला आयोजित करने में रुचि व्यक्त की इस अवसर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, जनपद जगदलपुर के सीईओ श्री अमित भाटिया, जनपद और एसबीएम टीम उपस्थित थे।

## जीएसटी-टीडीएस के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने निर्देश

### वित्त विभाग द्वारा समस्त शासकीय विभागों को जारी किए गए निर्देश

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वित्त विभाग द्वारा केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 एवं छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाले सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं (Suppliers) को तथा ठेकेदारों को किये जाने वाले भुगतान पर स्त्रोत पर कर की कटौती (GST-TDS) के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

वित्त विभाग द्वारा समस्त विभाग अध्यक्ष राजस्व मंडल, कमिश्नरों, विभागाध्यक्षों और कलेक्टरों को इस संबंध में जारी निर्देशों में कहा गया है कि शासकीय विभाग या स्थापना, स्थानीय प्राधिकारी, शासकीय अभिकरण, शासन के किसी भी डीडीओ द्वारा (किसी कराधेय वस्तु या सेवा हेतु) रूपये 2.5 लाख से अधिक भुगतान होने पर, 2 प्रतिशत (1 प्रतिशत CGST + 1 प्रतिशत SGST अथवा 2 प्रतिशत IGST) की दर से स्त्रोत पर कटौती GST-TDS किया जाना है।

अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सभी शासकीय विभागों तथा स्थानीय प्राधिकारियों को जीएसटी, के अंतर्गत स्त्रोत पर कटौतीकर्ता (TDS Deducter) के रूप में रजिस्ट्रेशन लिया जाना है। विभागों द्वारा खरीदी जाने वाली सामग्री, मशीन-उपकरण, फर्नीचर, स्टेशनरी अथवा अन्य कोई भी वस्तुएं, निर्माण कार्यों एवं ठेकों (Contract) तथा लिये जाने वाली किसी भी प्रकार की सेवाओं की राशि पर त्स्ञ्ज-ञ्ज्ठष्ट करने के पश्चात्वर्ती माह की 10 तारीख तक रिटर्न त्स्ञ्जक्र-07 में प्रस्तुत किया जाना है।

कई विभागों, कार्यालयों द्वारा (GST TDS Deductor) के रूप में उक्त प्रावधानों के अंतर्गत जीएसटी पंजीयन नहीं लिया गया है तथा पंजीयन लेने वाले प्राधिकारियों द्वारा सही प्रकार से जीएसटी की स्त्रोत पर कटौती संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे राज्य शासन को जीएसटी से प्राप्त होने वाले राजस्व की क्षति हो रही है।

इस संबंध में विभागों को निर्देशित किया गया है कि समस्त भुगतान कर्ता प्राधिकारियों, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा केंद्रीय एवं छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के अंतर्गत स्त्रोत पर कटौती के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी वस्तु अथवा सेवा प्रदाय कर्ता द्वारा एक वित्तीय वर्ष के दौरान एक ही क्रय/सेवा आदेश के विरूद्ध पृथक-पृथक देयकों में राशि का विभाजन करते हुए जीएसटी की स्त्रोत पर कटौती हेतु निर्धारित 2.5 लाख की सीमा का उल्लंघन न हो।

इसके साथ ही समस्त कोषालयों, उप कोषालयों, निर्माण विभागों, वन विभाग के भुगतान प्राधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी प्रस्तुत देयकों में प्रदायकर्ताओं की जीएसटीआईएन को चिन्हांकित करने की व्यवस्था की जाए तथा देयकों के भुगतान के पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रदायकर्ता द्वारा दिया गया जीएसटीआईएन वर्तमान में सक्रिय/वैध हो।

## किसानों की आय संवृद्धि हेतु उद्यानिकी फसलों एवं साग-सब्जी उत्पादन को दें बढ़ावा : कलेक्टर

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि किसानों की आय संवृद्धि के लिए उद्यानिकी फसलों सहित साग-सब्जी उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए। जिले के लोहण्डीगुड़ा, बास्तानार एवं दरभा ब्लॉक में उद्यानिकी फसलों और साग-सब्जी उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, यहां के किसानों को प्रेरित कर उन्हें लाभान्वित किये जाने बेहतर कार्य करें। आयल पॉम, काजू और रबर की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप से फोकस कर क्रियान्वयन किया जाए। कलेक्टर श्री विजय रविवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में उद्यानिकी विभाग की विभागीय गतिविधियों और योजनाओं की समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि उद्यानिकी फसलों और साग-सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने का परिवर्तन परिलक्षित हो, इसे ध्यान रखकर फील्ड में बेहतर कार्य करें। इस दिशा में लक्ष्य को हासिल करने उत्कृष्ट प्रदर्शन अवश्य करें। ज्यादा से ज्यादा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करें, जिससे किसान उद्यानिकी फसल एवं साग-सब्जी उत्पादन कार्य को रुचि के साथ कर सकें। उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान पोषण बाड़ी विकास योजना को जिले के सभी स्कूल सहित आश्रम-छात्रावास में क्रियान्वयन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी ब्लॉक में 15 पॉली हाउस बनाने के लक्ष्य के अनुरूप लाभान्वित करने के लिए किसानों का चयन किये जाने कहा।

## संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा पृथक से जारी की जाएगी नई प्रवीण्य सूची

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर द्वारा नई प्रवीण्य सूची पृथक से जारी की जाएगी। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम के सचिव से मिली जानकारी कक्षा पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष 9वीं से उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष 12वीं तक का वर्ष 2024 का परीक्षा परिणाम दिनांक 15 मई 2024 को घोषित किया गया था। परीक्षा परिणाम के साथ-साथ कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं की अस्थायी प्रवीण्य सूची भी विद्यामण्डलम् द्वारा जारी की गई थी। जारी प्रवीण्य सूची में लिपकीय त्रुटियां होने के कारण इस प्रवीण्य सूची को निरस्त कर दिया गया है तथा नई प्रवीण्य सूची विद्यामण्डलम् द्वारा बाद में पृथक से जारी की जाएगी।

## किसानों और ग्रामीणों की सुविधा हमारी प्राथमिकता, बकेला-क्रांति नहर का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण होगा : भावना बोहरा

### पंडरिया विधानसभा ने बकेला-क्रांति नहर विस्तारीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पंडरिया विधानसभा में सिंचाई व पेयजल हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए कुकदुर मंडल अंतर्गत निर्मित होने वाले बकेला-क्रांति फीडर केनाल के प्रस्तावित स्थल का पंडरिया विधायक ने यथास्थल पर जाकर निरिक्षण किया एवं ग्रामीणों व किसानों के साथ भी उन्होंने चर्चा कर अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान किसानों की मांग को लेकर भी भावना बोहरा ने अधिकारियों को संज्ञान में लेते हुए किसान हित को प्राथमिकता देने की बात कही साथ ही सर्वे के कार्य एवं पूर्व में हुए कार्यों की भी समीक्षा उनके द्वारा की गई। विदित हो कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के दौरान ओपन नहर को बंद नहर के रूप में परिवर्तित कर दिया गया था इसके साथ ही विभाग द्वारा बिना टेंडर जारी किये पाइप लाइन की सप्लाई व उसका भुगतान भी कर दिया गया था, परन्तु भावना बोहरा द्वारा इस विषय में हस्तक्षेप के बाद पाइप लाइन की सप्लाई को रोका गया।



इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि किसानों का हित एवं क्षेत्रवासियों की सुविधा ही हमारी प्राथमिकता है। किसानों द्वारा सिंचाई हेतु पर्याप्त जल की आपूर्ति हेतु यह बहुप्रतीक्षित मांग थी, परन्तु पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान इस कार्य में हुए अनियमितता के कारण इसमें विलंब हुआ। सर्वे के कार्य में भी किसानों व ग्रामीणों द्वारा अनियमितता की जानकारी मिली है जिसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है वहीं किसानों व ग्रामीणों की मांग को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को केनाल निर्माण के कार्य को जल्द पूरा करने हेतु निर्देश दिए हैं। किसानों की फसल अच्छी हो और उन्हें सिंचाई व ग्रामीणों को निस्तारी कार्य के लिए पर्याप्त पानी मिल सके यही हमारा लक्ष्य है और इसी के तहत इस केनाल का जल्द निर्माण हो सके इसके लिए आज ग्रामीणों व किसानों के साथ हमने यथास्थल का निरिक्षण किया है। भावना बोहरा ने बताया कि पंडरिया ब्लाक के करीब 40 गांव को सिंचाई सुविधा देने के लिए 43.81 करोड़ रुपए की लागत से बकेला- क्रांति फीडर केनाल प्रोजेक्ट का निर्माण किया जा रहा है। केनाल बकेला से करीब 30 किलोमीटर दूर बीजाभाठा तक के गांवों में गुजरेगी। इससे 12 हजार हेक्टेयर यानी करीब 30 हजार एकड़ रकबा सिंचित होगा। इसमें मोहतरा, किशुनगढ़, पुसेरा, बांधा, पौनी, तिलाईभाट, पेंड्री, तोरला, नेउरगांव, महली, नानापुरी, सूरजपुरा, बघरा, महका, भैंसबोड़, बीजाभाठा, नौरोली, नवगांव मुसऊ सहित दो दर्जन से अधिक गांवों को फायदा पहुंचेगा, जहां गर्मी में जल संकट ज्यादा रहता है। इससे सिंचाई क्षमता बढ़ने से किसानों को भी लाभ मिलेगा और उन्हें अच्छी फसलों के साथ अधिक आर्थिक लाभ भी मिलेगा। इसमें केनाल के माध्यम से हाफ नदी नदी के पानी को क्रांति जलाशय के नहर में मिलाया जाएगा।

## महाराष्ट्र मंडल में छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती में आरती की थाल उत्साही बालक उरुज्ञ देशमुख ने संभाली



### धर्म, संस्कृति, संस्कार का महत्व बताता है शिवाजी का जीवन : कालेले

### महाराष्ट्र मंडल में आयोजित मासिक महाआरती में शामिल हुए अनेक सभासद

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र मंडल में हर माह की 19 तारीख की तरह रविवार को भी छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती की गई। सैनिक स्कूल नागपुर के 11 वर्षीय उरुज्ञ देशमुख ने आरती की थाल संभालते हुए आश्वस्त किया कि शिवाजी महाराज के प्रति नई पीढ़ी में भी पुरानी पीढ़ियों की तरह ही भरपूर सम्मान है। इस मौके पर महाराष्ट्र नाट्य मंडल के निर्देशक प्रा. अनिल श्रीराम कालेले ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में धर्म, संस्कार और संस्कृति का सर्वाधिक महत्व होता है।

कालेले ने कहा कि शिवाजी महाराज की माता जीजाबाई धार्मिक स्वभाव वाली होते हुए भी गुण-स्वभाव और व्यवहार में वीरंगना नारी थीं। इसी कारण उन्होंने शिवाजी का पालन- पोषण रामायण, महाभारत और अन्य भारतीय वीरात्माओं की कहानियां सुना और शिक्षा देकर किया था। दादा कोणदेव के संरक्षण में शिवाजी सभी तरह की सामयिक युद्ध समेत अनेक विधाओं में भी निपुण हुए। उन्हें धर्म, संस्कृति और राजनीति की शिक्षा दिलवाई गई थीं। परम संत रामदेव के संपर्क में आने से शिवाजी पूर्णतया राष्ट्रप्रेमी, कर्त्तव्यपरायण व कर्मठ योद्धा बन गए।

महाआरती में सचिव चेतन दंडवते, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के सह प्रभारी परितोष डोनगांवकर, युवा समिति के प्रभारी विनोद राखुंडे, सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी, सचिन्द्र देशमुख, सुचिता देशमुख, अतुल गद्रे सहित अनेक सभासद शामिल हुए।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./11606/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 17-05-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11606**
**वार्ड का नाम- 64 - विपिन बिहारी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR656G00075** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MD. RAZA KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MD. YAR KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **बैजंती बघेल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **शिबो बघेल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./11496/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 18-05-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11496**
**वार्ड का नाम- 67 - भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR663F0482X** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAHUL RAJVAIDHYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIJAY KUMAR RAJVAIDHYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **REENA JHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TAPESH KUMAR JHA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./11536/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 18-05-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11536**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223O00085** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **AMIT KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SACHANAND DEVANTI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री आशीष आहूजा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- श्री रमेश कुमार आहूजा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 104 दिनांक 17.05.2024**
**वार्ड का नाम- शहीद भगत सिंह वार्ड**
**वार्ड क्र. 24 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **24** मांग **पंजी क्र. 256 युआईडी 24359** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **सुरेखा सोनी / नीरज सोनी** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **उपेन्द्र कुमार निषाद / राम पति निषाद** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **16-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 101 दिनांक 17.05.2024**
**वार्ड का नाम- शहीद भगत सिंह वार्ड**
**वार्ड क्र. 24 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **24** मांग **पंजी क्र. 259 युआईडी 37285** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **शहनाज बानो / अब्दुल जब्बार डगली** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **कुसुम कुमारी सिंह / विनोद कुमार सिंह** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **16-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 99 दिनांक 17.05.2024**
**वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड**
**वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **20** मांग **पंजी क्र. 592 युआईडी 22483** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **शोभाकांत चौधरी / नागेश्वर चौधरी** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **दीपक अग्रवाल / सुरेंदर अग्रवाल** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **16-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 100 दिनांक 17.05.2024**
**वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड**
**वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **20** मांग **पंजी क्र. 593 युआईडी 22484** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **शोभाकांत चौधरी / नागेश्वर चौधरी** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **दीपक अग्रवाल / सुरेंदर अग्रवाल** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **16-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 102 दिनांक 17.05.2024**
**वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड**
**वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **20** मांग **पंजी क्र. 1033 युआईडी 37100** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **डी.एम. टावर / परेश कुमार मानिक** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **सुनीति बाजपाई / राजकुमार बाजपाई** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **16-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 103 दिनांक 17.05.2024**
**वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड**
**वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **20** मांग **पंजी क्र. 45 युआईडी 21943** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **सुशीला बाई देवांगन / नरोत्तम देवांगन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **किरण देवांगन / ईश्वर देवांगन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **16-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./11603/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 17-05-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11603**
**वार्ड का नाम- 47 - सिविल लाईन वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 47 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR342B0076A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. SIMRAT KAUR BATRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **INDERBIR SINGH BATRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **इंदरबीर सिंह बत्रा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **गुरुबक्ष सिंह बत्रा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./11605/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 17-05-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11605**
**वार्ड का नाम- 57 - पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR448E0078A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AMRIT BEN POMAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. BABULAL POMAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ऋषभ पोमल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **जयेश कुमार पोमल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर सोमवार 20 मई 2024



# चिर्रा गोठान से गोबर व पेंट खरीदी बंद होने से योजना हुई ठप्प

## सरकारी निर्माण कार्यों में भी नहीं हो रहा उपयोग

**कोरबा(विश्व परिवार)।** चिर्रा गोठान से आत्मनिर्भर हो रही महिलाओं को अब आर्थिक तंगहाली के दौर से गुजरना पड़ रहा है। आजीविका मिशन और रूर्बन इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) के तहत चल रहे विभिन्न कारोबार ठप पड़ने के कगार में आ गए हैं। 30 लाख का गोबर पेंट बिक्री के अभाव में चार माह से जाम पड़ा हैं। गोबर खरीदी व पेंट की बिक्री बंद होने की वजह से पेंट बनाने की मशीन भी गोठान में उपयोगहीन है। चिर्रा गोठान को कभी जिला ही नहीं प्रदेश भर में माडल के रूप में देखा जाता था। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां पहुंच कर स्वयं महिलाओं की पीठ थपथपाई थी। गोठान में अब रीपा योजना के तहत संचालित योजनाएं दम तोड़ने लगी हैं। महिलाओं की आर्थिक दर्शा सुदृढ़ होने के बजाए दिनों दिन दयनीय होती जा रही है। गोठान में कार्यरत चंद्रमुखी महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष ललिता राठिया का कहना है कि रीपा के तहत लघु उद्योग महिला चलाना चाहती हैं। बंद हो चुके गोठान योजना को फिर से शुरू किया जाए। गोबर से पेंट बनाने की मशीन साल भर पहले लगाई गई थी। प्रारंभ में इस मशीन से महिलाओं पेंट की बिक्री ढाई लाख रूपये की कमाई की थी। बिक्री बढ़ने के अनुमान पेंट बनाने का काम जारी रहा लेकिन बिक्री नहीं होने के कारण अभी 20 हजार लीटर पेंट गोठान में जाम है। प्रति लीटर 150 रूपये की दर से बिक्री हो रही थी। गोठान में गोबर खरीदी के अलावा पेंट की बिक्री बंद होने से मशीन भी बंद है। महिलाएं आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ना चाहती हैं। रीपा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रशासन सहयोग करें। गोबर की बिक्री कर घर की सब्जी भाजी के लिए महिलाएं आय अर्जित कल लेती थी, वह भी बंद हो गया है। गोबर से जैविक खाद बनाने काम गोठान में बंद हो चुका है। गोमूत्र से तैयार होने वाली कीटनाशक दवाएं भी बनना बंद हो चुका है। महिलाओं ने बताया कि रीपा की कुछ योजनाएं अभी भी चल रही है। इनमें मसाला कारोबार प्रमुख है। इसके अलावा फ्लाईएश ईंट बनाने का भी काम चल रहा है। कोसा धागाकरण का काम हो चुका है बंद महिलाओं को आर्थिक रूप स्वावलंबी बनाने के लिए गोठान में कोसा धागाकरण के लिए प्रशिक्षित किया गया है। इसके लिए उन्हे बुनियाद मशीन भी दी गई है। कोसा आपूर्ति नहीं होने की वजह से मशीन कबाड़ में तब्दील हो रही है। महिलाओं का कहना है कि धागाकरण के काम को शुरू करने के लिए समूहों को रेशम विभाग कोसाफल की आपूर्ति कराई जाए। कोसा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अर्जुना पौधों की रोपाई की योजना बन रही थी, लेकिन गोठान बंद होने के कारण रीपा की अधिकांश योजनाएं बंद हो चुकी है। रीपा में संचालित उद्योगों के ठप पड़ने के कारण समूह की महिलाएं फिर वनोपज पर निर्भर हो गई हैं। इन दिनों गांव में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम चल रहा रहा है। सुबह से ही महिलाएं पत्ता संग्रहित करने चली जाती हैं। तेंदूपत्ता का सीजन पखवाड़े भर का ही रहता है।



# नियम विरूद्ध कार्य करने का दबाव बनाने पर मजदूरों ने एटक के साथ किया प्रदर्शन

### रवैय्या में सुधार नहीं होने से दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सरायपाली परियोजना में नियोजित ठेका कंपनी स्टारेक्स मिनिरल्स द्वारा मजदूरों को प्रताड़ित करने व नियम विरूद्ध कार्य करने दबाव बनाए जा रहा है। इसके विरूद्ध में ठेका मजदूरों ने एटक के साथ एसईसीएल के महाप्रबंधक कार्यालय समक्ष प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंपने के साथ ही वार्ता कर कहा कि यदि ठेका कंपनी द्वारा अपने रवैय्या में सुधार नहीं किया जाता है, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) कोरबा क्षेत्र की पाली ब्लाक में स्थित सरायपाली कोयला खदान में स्टारेक्ट मिनरल्स ठेका कंपनी को काम मिला हुआ है। कंपनी के अधीन कार्यरत अधिकारी व कुछ कर्मी मनमानी करते हुए मजदूरों के साथ अभद्र व्यवहार करने की शिकायत लंबे समय से प्रबंधन को मिल रही थी। स्थिति यह थी कि एसईसीएल के अधिकारियों के साथ भी इन लोगों द्वारा अभद्रता की जाती रही है। कंपनी की इन हरकतों से नाराज होकर मजदूरों ने एटक के वरिष्ठ नेता दीपेश मिश्रा की अगुवाई में शुक्रवार को एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय समक्ष प्रदर्शन किया। बाद में प्रबंधन ने प्रतिनिधि मंडल से चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि खदान के भीतर काम करने वाले मजदूरों पर नियमों के विपरित काम करने का दबाव बनाया जा रहा है, ऐसा नहीं करने पर उनके साथ गाली गलौच, मारपीट करने के साथ ही जान से मारने का प्रयास किया जा रहा है। ठेका कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी मनमानी तरीके से गैरकानूनी एवं अवैधानिक से कार्य को अंजाम दे रहे है इनको विभागीय सुपरवाइजरों द्वारा हिदायत देने पर उनको धमकाया जा रहा है। एटक के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कहा कि आए दिन आउटसोर्सिंग कंपनियों के ठेकेदारों के कर्मियों द्वारा खदानों में खान अधिनियम में उल्लेखित प्रविधानों के विपरीत कार्य निष्पादन किया जाता है। वहीं विभागीय सुपरवाइजरों के मना करने के बावजूद ठेका कंपनी के अधिकारी धमकी देने लगते हैं।

# ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप्प सुधार की दिशा में रूचि नही

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भले ही कोरबा जिले में बिजली वितरण कंपनी ने कामकाज को सहज और सरल बनाने के लिए व्यवस्था का विक्रेंद्रीकरण किया है और तीन संभाग बना दिए हैं। इसके बावजूद जिले के ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप होने पर सुधार की दिशा में रूचि नहीं ली जा रही है। गर्मी के मौसम में ग्रामीण उपभोक्ताओं को लंबे समय तक बिना बिजली के गुजारना पड़ रहा है जबकि व्यवस्था ठीक करने के लिए वे जोखिम मोल लेने के लिए मजबूर हैं। अजगरबहार, श्यांग, चिर्रा के साथ-साथ पोड़ी उपरोड़ा विकाखंड के अंतर्गत आने वाले दूरस्थ क्षेत्रों में बिजली वितरण की असामान्य व्यवस्था लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। मामला तब गंभीर हो गया जब वितरण कंपनी ने पिछली समस्याओं को हल करने के अंतर्गत कई स्थान पर सबस्टेशन बना दिए और आपूर्ति वाली लाइनों को भी विस्तारित किया। समस्याएं गर्मी के मौसम में अलग-अलग कारणों से बढ़ी है लेकिन कुल मिलाकर इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। अंधड़ के असर से पेड़ों के टूटने के कारण बिजली आपूर्ति वाली व्यवस्था बाधित हो रही है। हाल में ही अजगरबहार क्षेत्र में इस तरह की घटना के बाद शिकायत पर भी सीएसईबी ने संज्ञान नहीं लिया तब लोगों ने खुद होकर आपूर्ति बहाल करने के लिए जोखिम ली। अंधेरे में इस तरह का काम करना काफी मुश्किल भरा हो रहा है।

# जन्म के बाद बच्चा नहीं रोया तो नई पद्धति से हुआ उपचार : डा.नामदेव

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पैदा होने के बाद बच्चे की रोने की आवाज सुनकर प्रसव को सफल माना जाता है। कोरबा जिला मेडिकल कालेज अस्पताल में डिलीवरी के बाद पांच मिनट तक नहीं रोया। चिकित्सकों ने सूझबूझ से अस्पताल में उपलब्ध नए तकनीकी मशीन से उपचार किया तब कहीं जाकर बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी है। अस्पताल के एसएनसीयू में मासूम का उपचार डाक्टरों के देखरेख में करीब 13 दिनों तक चलता रहा। वर्तमान में वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। उरगा क्षेत्र में रहने वाले राजेश चंद्राकर की पत्नी दीप्ति चंद्राकर को एक मई प्रसव पीड़ा शुरू हो गया। गर्भवत को मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया। ड्यूटी में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रसूता का सामान्य डिलीवरी तो करा लिया, लेकिन जन्म के पांच मिनट बाद भी मासूम के मुंह से आवाज नहीं निकली। चिकित्सक आशंकित हो गए। इसके बाद स्वास्थ्य कर्मी मासूम को तत्काल एसएनसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई) लेकर पहुंचे, जहां मेडिकल कालेज में शिशु रोग विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. हेमा नामदेव ने मासूम को एसएनसीयू में भर्ती करते हुए गहनता से जांच की। इसके बाद अपनी टीम के साथ मासूम को अस्पताल में उपलब्ध कीमती अत्याधुनिक उपकरण का इस्तेमाल नवीन पद्धति से उपचार शुरू कर दिया। डा. नामदेव ने बताया कि अस्पताल में जिस तरह की तकनीकी मशीन की सुविधा है वह चुनिंदे अस्पताल में उपलब्ध है। खर्च की बात करें तो प्रतिदिन औसतन छह हजार रूपए होते हैं।

# भाजपा प्रदेश मंत्री विकास महतो ने जमशेदपुर लोकसभा के गोविंदपुर मंडल की ली बैठक

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश मंत्री श्री विकास रंजन महतो लोकसभा चुनाव के अंतर्गत लोकसभा जमशेदपुर (झारखंड) में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मिशन अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने भाजपा प्रत्याशी श्री विधुत वरण महतो जी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाने विधानसभा के प्रवासी प्रभारी के रूप में जुगसलाई विधानसभा के गोविंदपुर मंडल पार्टी कार्यालय मे आयोजित मंडल स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में




शामिल हुए। इस बातों को संबोधित करते हुए श्री विकास महतो ने कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करते हुए कहा कि यह चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है बल्कि यह भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृत्संकल्पित हमारे राष्ट्र नायक श्री नरेंद्र मोदी जी को पुन: दायित्व सौंप कर अपने कर्तव्यपूर्ति का चुनाव है । इस चुनाव में हमें अपने अधिक से अधिक सामर्थ्य का उपयोग करना है । उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के रूप में हमें पूरे विश्व का सर्वाधिक शक्तिशाली नेतृत्व के साथ काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है ।

# आउटसोर्सिंग के बहाने गुंडागर्दी पर उतारू हुई स्टारेक्स मिनरल्स

### ओवरमैन को कुचलने की कोशिश, एटक हुई सख्त

### दोषियों के खिलाफकठोर कार्रवाई करने की मांग




**कोरबा(विश्व परिवार)।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा एरिया के सरायपाली खुली खदान मे नियोजित स्टॉरेक्स मिनिरल्स ठेका कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी मनमानी तरिके से गैरकानूनी एवं अवैधानिक से कार्य को अंजाम दे रहे है। इनको विभागीय सुपरवाइजरों द्वारा सही सलाह देने पर उनको धमकाया जा रहा है। स्टारेक्स के कई वाहन ब्रेक डाउन है, और वह मनमाने तरीके से जोखिम लेकर दूसरों की जान से खिलवाड़ कर रही है। कोरबा जिले के कोयला खनन क्षेत्र में इस तरह पहला मामला माना जा रहा है जिसमें गलत कार्यों को रोकने के लिए आपत्ति दर्ज करने पर विभागीय कर्मचारी को जान से मारने की कोशिश की गई। इस मामले को लेकर पीडित पक्ष ने पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करने के साथ संबंध दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। ट्रेड यूनियन संयुक्त कोयला खदान मजदूर संगठन की ओर से कोरबा में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक के कार्यालय के सामने नारेबाजी करने के साथ इस विषय पर ज्ञापन सोपा गया। एटक के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कहा कि आए दिन आउटसोर्सिंग कंपनियों के ठेकेदारों के नुमाइंदों के द्वारा खदानों मे खान अधिनियम मे उल्लेखित प्रावधानों के विपरीत कार्य निष्पादन किया जाता है। वहीं विभागीय सुपरवाइजरों के मना करने के बावजूद येठेका कंपनी के अधिकारी धमकी चमकी देने लगते हैं। उन्होंने आगे कहा कि श्रम संगठन श्रमिकों के हितैषी है और हम चाहते है की श्रमिकों के जो भी अधिकार है मिले है , उस ना छीना जाए । दीपेश मिश्रा ने आगे कहा कि एस.ई.सी.एल. के तहत कोरबा एरिया को वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए जो उत्पादन लक्ष्य दिया गया है वो पूरा कर सके उसके लिए एटक सहयोग करने के लिए पूरी तरह तैयार है। संगठन प्रबंधन से अपील करती है कि श्रमिकों के हितों की उपेक्षा न करे। कहा गया कि 14.5.2024 को सरायपाली परियोजना मे अपने कार्य निष्पादन के दौरान कृष्ण कुमार तिवारी,ओभरमेन के साथ स्टॉरेक्स मिनरल्स ठेका कंपनी के अधिकारी अभिषेक सिंह ने जो बदसलूकी की है, उसके उपर कार्यवाही किया जाए। इस संबंध मे लिखित शिकायत उप क्षेत्रीय प्रबंधक ,सरायपाली को दे दिया गया है। एटक संगठन ने आज कोरबा छेत्र के महाप्रबंधक को इस मसले को लेकर ज्ञापन भी सौंपा है। प्रदर्शन में इनकी रही। उपस्थिति आज के कार्यक्रम में दीपेश मिश्रा, कामरेड धरमा राव, कमर बक्श, राजू श्रीवास्तव, एस. के. प्रसाद, सुबोध सागर, उज्जवल बनर्जी, रामलाल साहू, रामरतन यादव, संजय सिंह, प्रमोद धर दीवान, राजेश दुबे, रंजन राम, मुकुंद चैहान, लतेल, शमी अहमद, कृष्ण कुमार तिवारी, बिदेशी, श्रीरभ सिंह, भूपेंद्र कुमार, विनोद राणे, सुनील राठौर, नरेंद्र राठौर, लक्ष्मी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पंचायत छुरीकला अध्यक्ष पद को लेकर चर्चा शुरू

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर पंचायत छुरीकला की तत्कालीन अध्यक्ष नीलम अशोक देवांगन के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने से कुर्सी छोडने के बाद अब तक अध्यक्ष नहीं बनाए जाने से पिछले तीन माह से अध्यक्ष की कुर्सी रिक्त पड़ी है। मनोनीत अध्यक्ष बनाने के लिए पार्षदों द्वारा शासन-प्रशासन से मांग किया जा चुका है । बता दें कि 28 फरवरी को नगर पंचायत छुरीकला अध्यक्ष के खिलाफपार्षदों का अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाने के बाद अध्यक्ष पद रिक्त हो गया। तीन माह बीत जाने के बाद नया अध्यक्ष नहीं बनाए जाने से अध्यक्ष पद रिक्त पड़ा है। नये अध्यक्ष के मनोनयन को लेकर पार्षदों द्वारा बैठक आयोजित कर आपसी तालमेल व समझौता से महिला पार्षद को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री से भेंट कर 10 पार्षदों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा जा चुका है। लोकसभा चुनाव के कारण अध्यक्ष का मनोनयन रोक दिया गया, लेकिन चुनाव संपन्न होने के बाद एक बार फिर अध्यक्ष पद को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अध्यक्ष के लिए एक पार्षद द्वारा प्रमुखता से दावेदारी किया जा रहा है, जिसके लिए पार्टी के आला नेता व मंत्री को मनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। दूसरी ओर नगरवासियों द्वारा उक्त पार्षद को अध्यक्ष बनाने को लेकर विरोध शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि जिस महिला पार्षद को अध्यक्ष बनाए जाने हेतु जिन 10 पार्षदों में हस्ताक्षर युक्त प्रस्ताव सीएम को सौंपा है, उस ज्ञापन में उक्त पार्षद का भी हस्ताक्षर है जो अध्यक्ष के लिए दावेदारी कर रहे हैं। वैसे नगर पचायत छुरीकला में अध्यक्ष पद सामान्य आरक्षित (महिला) होने के बावजूद पुरुष पार्षद द्वारा दावेदारी करना समझ से परे है।

### ईएसी कमेटी ने गेवरा मेगा परियोजना का किया दौरा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** ईएसी कोल कमेटी पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार ने गेवरा मेगा परियोजना का दौरा किया। टीम ने ब्लास्ट-फ्री तकनीक से कोयला खनन का जायजा लिया। पौधरोपण सहित अन्य पर्यावरणीय पहलुओं की समीक्षा की। एसईसीएल दौरे के दूसरे दिन ईएसी (कोल) कमेटी पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सदस्यों डॉ. शरद सिंह नेगी आईएफ़एस (रिटा.) चेयरमैन ईएसी (कोल), प्रोफ श्याम शंकर सिंह सदस्य ईएसी (कोल) एवं अमित वशिष्ठ सदस्य सचिव ईएसी (कोल) द्वारा एसईसीएल की गेवरा मेगापरियोजना का दौरा किया गया। कमेटी के सदस्यों ने सबसे पहले व्यू-पॉइंट से खदान की खनन गतिविधियों का जायजा लिया। खदान में उतरकर सदस्यों द्वारा ब्लास्ट-फ्री रिपर तकनीक से ओबी निष्कासन की प्रक्रिया देखी। साथ ही सरफेस माइनर की मदद से पर्यावरण-हितैषी रूप से कोयला खनन देखा एवं सराहना की। दौरे के दौरान कमेटी के सदस्यों ने एसईसीएल में पहली बार मियावाकी पद्धति से हो रहे पौधरोपण कार्य की जानकारी ली। साथ ही गेवरा क्षेत्र की नर्सरी एवं पर्यावरण लैब का भी भ्रमण किया। दौरे के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसके मोहंती एवं मुख्यालय से बीके जेना महाप्रबंधकध्विभागाध्यक्ष (पर्यावरण एवं वन) सदस्यों के साथ रहे।

### बालको पुलिस ने दबोचा बाईक चोर गिरोह को

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बालको पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य को पकड़ा है। उनके पास से 4 दोपहिया जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में आकाश भिंगराज पिता सहदेव भिंगराज (20) अजाद नगर बालको और राकेश बघेल उर्फरक्का पिता स्व. सुखदेवानंद बघेल (21) क्वा. नंबर ए 596 बालको शामिल हैं। प्रार्थी विरेंद्र कुमार खुंटे निवासी अंबेडकर चैक के पास भदरापारा बालको ने थाना में उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बालको कंपनी के अंतर्गत ठेका कंपनी एल एंड टी में हेल्पर के पद पर काम करता है। 21 अप्रैल को वह अपने मोटर साइकिल पैशन प्रो क्रमांक सीजी 12 एडी 7882 को लेकर ड्यूटी हेतु बालको प्लांट के प्रोजेक्ट गेट के पास स्थित पार्किंग में प्रातरू 8.30 बजे खड़ा करके हैंडल लॉक करके प्लांट अंदर ड्यूटी करने चला गया। ड्यूटी समाप्त होने के बाद शाम 6.20 बजे आकर देखा तो उसकी उक्त मोटर साइकिल वहां पर नहीं था। कोई अज्ञात चोर उक्त मोटर साइकिल को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवचेना में लिया गया। पेट्रोलिंग गस्त दौरान उक्त चोरी गये मोटर साइकिल में एक व्यक्ति जिसने अपना नाम पूछने पर आकाश भिंगराज बताया, उसके साथ एक अन्य मोटर साइकिल प्लेटिना में राकेश बघेल उर्फ रक्का नाम का लडका मिला। जिनसे उक्त गाडियों के संबंध में पूछताछ करने पर संतुष्टि जनक जवाब नहीं मिला। उक्त गाडियों के काजगात भी उनके पास नहीं थे, जो उक्त दोनों को तलब कर थाना लाया गया। जिनसे स्वतंत्र साक्षियों के समक्ष पूछताछ करने पर दोनों के द्वारा मिलकर 3 मोटर साइकिल एवं 1 स्कूटी को अलग-अलग तारीखों में अलग-अलग स्थान से चोरी करना बताया।



## संपादकीय

# हर समस्या का हल सैनिक अभियान नहीं

इस्राइल ने दक्षिणी गाजा के शहर राफा में सैनिक अभियान शुरू कर दिया है। सेना ने सोमवार रात को राफा में हवाई हमले किए जिनमें 23 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इस सैन्य कार्रवाई के बाद इस्राइल और फिलिस्तीन के बीच संभावित युद्ध-विराम के रास्ते बंद हो गए हैं। हैरानी की बात है कि इस्राइल के पैरोकार अमेरिका की अनिच्छा और अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के विरोध के बावजूद इस्राइल गाजा को पूरी तरह तबाह करने पर आमादा है। विचारणीय प्रश्न यह है कि आखिर. इस्राइल और उसके प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को शांति की राह छोड़कर युद्ध के पथ पर चलने की ताकत और प्रेरणा कहां से मिल रही है। करीब आठ महीने से चल रहे इस युद्ध के बारे में कहा जा सकता है कि इस्राइल अब आत्मरक्षा के लिए नहीं, बल्कि घरेलू राजनीति में बढ़त बनाने के लिए यह युद्ध लड़ रहा है। हमास युद्ध विराम के लिए तैयार है, लेकिन इस्राइल ने यह कहते हुए इस प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया कि इससे उसकी मुख्य मांगें पूरी नहीं होतीं। गाजा पट्टी के शहर राफा में करीब 14 लाख फिलिस्तीनी शरण लिए हुए हैं जो इस्राइल के ताजा सैन्य अभियान से डरे और सहमे हुए हैं। इनका जीवन संकटग्रस्त है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने चेतावनी दी है कि राफा में जमीनी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी लेकिन इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने अपने कान बंद कर रखे हैं। इस्राइल के सैनिक अभियान से जाहिर होता है कि वह इसके जरिए अपने बंधकों को रिहा कराना और हमास के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करना चाहता है। हालांकि सैन्य कार्रवाई के जरिए बंधकों की रिहाई आसान नहीं है। हकीकत यह है कि इससे बंधकों की जान को खतरा पहुंच सकता है। वास्तव में युद्ध-विराम और शांति समझौते के रास्तों पर आगे बढ़कर ही बंधकों की सुरक्षित रिहाई संभव है। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि हर समस्या का हल सैनिक अभियान नहीं हो सकता। आक्रामक सैनिक अभियान से गाजा के मासूम नागरिक ही मारे जाएंगे। अब तक करीब 35 हजार नागरिक मारे गए हैं। इस्राइल को अपने गॉड फादर अमेरिका से सबक लेना चाहिए कि उसे आखिरकार, अफगानिस्तान से अपने सैनिकों की वापसी क्यों करनी पड़ी।

# देश में क्या कहते हैं जीएसटी के आंकड़े

**डा. अश्विनी महाजन**




देखा गया है कि जीएसटी की प्राप्तियों में आयात पर लगाए गए कर और उपकर (सेस) भी शामिल हैं। उस दृष्टि से उपकर मिलाकर अप्रैल 2024 में आयात से कुल जीएसटी प्राप्तियां 38834 करोड़ रुपए की हैं। यदि यह कहा जाता है कि जीएसटी में होने वाली वृद्धि का एक कारण बढ़ते हुए आयात भी हैं, तो यह बात आंकड़ों से सिद्ध नहीं होती। गौरतलब है कि जहां अप्रैल 2024 को आयातों पर कर से जीएसटी प्राप्ति 38834 करोड़ रुपए रही है, तो पूरे वर्ष 2023-24 में आयातों से औसत जीएसटी (उपकर समेत) 41327 करोड़ रुपए मासिक रहा था। इससे पहले वर्ष 2022-23 में आयातों से जीएसटी (उपकर समेत) औसतन 40196 करोड़ रुपए मासिक रहा। हालांकि जीएसटी पद्धति अपनाने के बाद देश में जीएसटी की प्राप्तियों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले। लेकिन जीएसटी की प्राप्तियां लगातार बढ़ती ही रही और उनमें खासी ग्रोथ भी देखने को मिल रही है। जहां वर्ष 2023-24 में जीएसटी प्राप्ति की ग्रोथ 11.7 प्रतिशत रही, तो वहीं 2022-23 में यह 22 प्रतिशत थी, 2021-22 में यह 30 प्रतिशत थी कुछ समय से जीएसटी की बढ़ती प्राप्तियां देश की आर्थिकी में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। एक मई 2024 को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में जीएसटी प्राप्तियां पहली बार 2 लाख करोड रुपए को लांघती हुई 2.10 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई हैं। पिछले साल के इस माह की तुलना में यह 12.4 प्रतिशत की वृद्धि है। लेकिन यदि रिफण्ड देने के बाद जीएसटी राशि की बात की जाए, तो यह अप्रैल 2024 में 1.92 लाख करोड़ रुपए है, जो अप्रैल 2023 की तुलना में 15.5 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। यूं तो जीएसटी के प्रारंभ से ही, इसकी प्राप्तियों में निरंतर वृद्धि होती रही है, लेकिन वर्ष 2023-24 में जीएसटी की प्राप्तियां 20.18 लाख करोड़ रुपए की रही, जो वर्ष 2022-23 के 18.1 लाख करोड़ रुपए से 11.7 प्रतिशत अधिक थी। गौरतलब है कि 2022-23 की प्राप्तियां 2021-22 से 22 प्रतिशत अधिक थी। गौरतलब है कि जुलाई 2017 में देश के अधिकांश अप्रत्यक्ष करों (वस्तुओं व सेवाओं पर कर) को समाप्त करते हुए, उसके स्थान पर जीएसटी लगाया गया था। यह जीएसटी केंद्र और राज्यों को बीच बराबर बांट दिया जाता है। उसके अलावा वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार केंद्र के द्वारा लगाए गए करों का एक निश्चित प्रतिशत (जो वर्तमान में 42 प्रतिशत है), राज्यों को स्थानांतरित करने का प्रावधान है। इसके अनुसार भी राज्यों को जीएसटी का एक बड़ा हिस्सा मिलता है। जीएसटी के विभिन्न हिस्सों को यदि समझने का प्रयास करें तो अप्रैल 2024 में 2.1 लाख करोड़ रुपए की कुल जीएसटी प्राप्तियों में सेंट्रल जीएसटी 43846 करोड़ रुपए, स्टेट जीएसटी 53538 करोड़ रुपए, इंटीग्रेटिड जीएसटी 99623 करोड़ रुपए, जिसमें 37826 करोड़ रुपए आयातित वस्तुओं पर जीएसटी से प्राप्त हो रहा है। इसके अलावा 13260 करोड़ रुपए उपकर (सेस) के रूप में प्राप्त हुए, जिसमें 1008 करोड़ रुपए आयातित वस्तुओं पर उपकर से प्राप्त हुए। जीएसटी वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन पर लगता है। इसकी खासियत यह है कि यह उत्पादन प्रक्रिया में हर बार के मूल्य संवर्द्धन यानी वैल्यू एडीशन पर लगता है। स्वाभाविक है कि देश में जैसे-जैसे वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन बढ़ता है, जीएसटी की दर समान रहने पर भी जीएसटी की प्राप्तियां बढ़ जाती हैं। कोविड के बाद पिछले कुछ वर्षों में जीडीपी ग्रोथ न केवल पहले से बेहतर हुई है, बल्कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत लगातार सबसे तेजी से बढने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। वर्ष 2021-22 में जीडीपी ग्रोथ 9.1 प्रतिशत, 2022-23 में 7 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई। वर्ष 2023-24 के लिए अग्रिम अनुमानों के अनुसार 7.6 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया गया है। इस ग्रोथ में सभी क्षेत्रों का योगदान रहा। पिछले कुछ वर्षों में औद्योगिक ग्रोथ की दर बढ़ी है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक अप्रैल 2021 में 126.1 की तुलना में जनवरी 24 तक 153.0 तक पहुंच गया है। सेवा क्षेत्र में भी उल्लेखनीय ग्रोथ देखने को मिल रही है। औद्योगिक और सेवा क्षेत्र की ग्रोथ के चलते जीएसटी की प्राप्तियां बढना अस्वाभाविक नहीं है। चूंकि जीएसटी वस्तुओं के मूल्य पर लगता है, यह मात्र वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन बढने से ही नहीं, बल्कि मुद्रास्फीति, यानी कीमतों में वृद्धि के कारण भी बढ़ता है। पिछले तीन वर्षों में देश में मुद्रास्फीति की दर में भी वृद्धि हुई है। यह वृद्धि घरेलू कारणों से कम, विदेशी कारणों से ज्यादा हुई है। अमरीका, यूरोप समेत दुनिया के अधिकांश मुल्क मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं। लेकिन कारण जो भी हो, मुद्रास्फीति भी कुछ मात्रा में जीएसटी में वृद्धि का कारण बन रही है। भारत में उत्पादन का बहुत बड़ा क्षेत्र अनौपचारिक यानी नॉन-फार्मल रहा है और कुछ हद तक आज भी है। लेकिन पिछले कुछ समय से कुछ स्वाभाविक कारणों से और कुछ हद तक जीएसटी लागू होने से अर्थव्यवस्था का औपचारीकरण बढ़ा है। समझना होगा कि पूर्व की उत्पादन प्रक्रिया पर लगे जीएसटी का क्रेडिट आगामी उत्पादन में तभी मिल सकता है, जब उत्पादन प्रक्रिया में संलग्न सभी घटक जीएसटी में पंजीकृत हों। इस कारण से भी अर्थव्यवस्था का औपचारीकरण बढ़ा है, जिसके चलते जीएसटी की प्राप्तियां भी बढ़ रही हैं। देखा गया है कि जीएसटी की प्राप्तियों में आयात पर लगाए गए कर और उपकर (सेस) भी शामिल हैं। उस दृष्टि से उपकर मिलाकर अप्रैल 2024 में आयात से कुल जीएसटी प्राप्तियां 38834 करोड़ रुपए की हैं। यदि यह कहा जाता है कि जीएसटी में होने वाली वृद्धि का एक कारण बढ़ते हुए आयात भी हैं, तो यह बात आंकड़ों से सिद्ध नहीं होती। गौरतलब है कि जहां अप्रैल 2024 को आयातों पर कर से जीएसटी प्राप्ति 38834 करोड़ रुपए रही है, तो पूरे वर्ष 2023-24 में आयातों से औसत जीएसटी (उपकर समेत) 41327 करोड़ रुपए मासिक रहा था। इससे पहले वर्ष 2022-23 में आयातों से जीएसटी (उपकर समेत) औसतन 40196 करोड़ रुपए मासिक रहा। हालांकि जीएसटी पद्धति अपनाने के बाद देश में जीएसटी की प्राप्तियों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले। लेकिन जीएसटी की प्राप्तियां लगातार बढ़ती ही रही और उनमें खासी ग्रोथ भी देखने को मिल रही है। जहां वर्ष 2023-24 में जीएसटी प्राप्ति की ग्रोथ 11.7 प्रतिशत रही, तो वहीं 2022-23 में यह 22 प्रतिशत थी, 2021-22 में यह 30 प्रतिशत थी। माना जा सकता है कि सामान्यत: जीएसटी प्राप्तियों की ग्रोथ चालू कीमतों पर जीडीपी ग्रोथ से अधिक ही रही। यह इंगित करता है कि अब जीएसटी का दायरा बढने के साथ-साथ इससे प्राप्तियां स्वयंमेव बढ़ती जा रही हैं।

## विशेष लेख

# सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना होगा

**अजय प्रताप सिंह**

देश इन दिनों चुनावी माहौल में डूबा हुआ है। इस बीच कुछ आपराधिक संगठन या अराजक तत्वों द्वारा राजधानी दिल्ली और दिल्ली से सटे कई शहरों के करीब सौ स्कूलों में धमकी भरा ईमेल भेजा गया। इसमें इन शैक्षणिक संस्थाओं को निशाना बनाते हुए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों की गहन जांच-पड़ताल में यह अफवाह साबित हुई हैं। इससे पहले दिसम्बर, 2023 में बेंगलुरु के करीब 44 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। पुष्प विहार स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में फरवरी, 2024 में ईमेल बम की धमकी से हड़कंप मच गया था। पिछले साल मई में मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को धमकी भरा ईमेल मिला था। ईमेल बम और कॉल बम की घटनाएं आम होती जा रही हैं। साल 2016 के मार्च महीने में जेट एयरवेज की छह फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। अप्रैल, 2023 में डिफेंस कॉलोनी स्थित इंडियन स्कूल में हॉक्स कॉल मिली थी। आये दिन देश के किसी न किसी कोने से ऐसी घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनती रही हैं। ऐसी ही कई घटनाएं हुई जिनमें अज्ञात लोगों द्वारा सरकारी तंत्र, स्कूल, कॉलेज को मेल बम, कॉल बम के जरिए धमकाने का काम किया गया। हालांकि ईमेल बम या कॉल बम की धमकी अधिकांशत- जांच-पड़ताल में फर्जी अफवाह फैलाने तक सीमित पाई गई। ईमेल बम और कॉल बम के अतिरिक्त कई अन्य माध्यमों से भी शैक्षणिक संस्थानों को निशाना बनाया जाता है। शैक्षणिक संस्थाओं पर साइबर हमले किए जा रहे हैं। 'साइबर थ्रेट टार्गेटिंग द ग्लोबल एजुकेशन सेक्टर' नामक रपट में दावा किया गया है कि भारतीय शैक्षणिक संस्थानों पर साइबर हमलों की आशंका सबसे ज्यादा है। हालांकि अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देश भी साइबर आक्रमण-प्रवण हैं। शैक्षणिक संस्थाओं पर साइबर हमले के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो पिछले महीने दक्षिण मुंबई स्थित एक अंतरराष्ट्रीय स्कूल में ईमेल के जरिए साइबर धोखाधड़ी से 87.26 लाख ठगने का काम किया गया। हालिया दिनों में साइबर हमलों के मामले में शिक्षा संस्थान सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। एक अध्ययन के मुताबिक पिछले साल अप्रैल और जून के बीच शिक्षा क्षेत्र को सात लाख से अधिक साइबर हमलों का सामना करना पड़ा। साल 2022 के शुरु आती महीनों में वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों पर साइबर हमले अधिक हुए। पिछले साल कुल साइबर हमलों में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों को 58 फीसद निशाना बनाया गया। इनमें देश के विभिन्न ऑनलाइन शैक्षणिक संस्थान और प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान, तकनीकी शिक्षा निदेशालय भी शामिल थे। हॉर्वर्ड विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी साइबर रैंसमवेयर हमले से नहीं बच पाए हैं। देश में तेजी से डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ते शिक्षण संस्थानों में साइबर हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं। भारत समेत पूरी दुनिया के शैक्षणिक संस्थानों को रैंसमवेयर वॉयस ने घेर रखा है। वैश्विक महामारी कोविड-19 के बाद साइबर खतरे तेजी बढ़े हैं। शैक्षणिक संस्थानों में ऐसी अफवाह फैलाने वालों का उद्देश्य क्या हो सकता है? क्या वे इन संस्थानों के आधार को कमजोर करना चाहते हैं, या अभिभावकों और छात्रों को शिक्षा के प्रति भयभीत करने का इरादा है। ईमेल बम से छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है, ऐसे लोगों का मकसद कुछ भी हो सकता है। देश के शैक्षणिक संस्थानों को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है। इस प्रश्न का जवाब तो सुरक्षा एजेंसियों के पास भी नहीं मिलेगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि शैक्षणिक संस्थान ईमेल बम, कॉल बम और विभिन्न साइबर हमलों को लेकर कितने मुस्तैद हैं। केंद्र और राज्य स्तर पर सभी शैक्षणिक संस्थानों को अपने यहां बाह्य और आंतरिक अपराध निवारण कक्ष का निर्माण करना चाहिए। शिक्षण संस्थानों की वेबसाइट, ईमेल अड्रेस के साथ ही सभी संपर्क लिंक को केंद्र और राज्यों के मुख्य साइबर अपराध निवारण केंद्र से लिंक करना चाहिए। स्कूल-कॉलेजों में स्वचालित सॉफ्टवेयर स्कैन और ईमेल फिल्टर सॉफ्टवेयर का उपयोग करना चाहिए ताकि किसी भी संदिग्ध संदेश या कॉल से बचा जा सके। स्कैन और फिल्टर सॉफ्टवेयर निर्धारित करेगा कि कौन-सा कॉल, ईमेल उपयोगी है और कौन-सा अनुपयोगी। अनुपयोगी ईमेल और कॉल को ब्लॉक करके मुख्य अपराध निवारण केंद्र तक सचूना पहुंचाई जा सकती है।

# जितना कीचड़ उछालेंगे उतना ही कमल खिलेगा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के पाँचवे चरण से पहले एक निजी चैनल से बात चीत के दौरान कई बातों पर अपना रुख़ साफ़ किया कुछ ऐसे सवालों के जवाब भी दिये जो उनसे आज तक नहीं पूछे गये । पीएम ने कहा सरकार चलती नहीं मुझे सरकार चलानी है मुझे चीज़ो को बदलना है 2014 में मैंने सोचा 2024 के लिए मेरी सोच लंबी है मैंने पाँच साल काम किया है 2027 के लिए विज़न डॉक्यूमेंट तैयार है मैं जब 100 दिन के बारे में सोच रहा था तब मैंने सवा सौ दिन के बारे में काम कर रहा हूँ मैं युवाओं से पूछूँगा की आप मुझे बताओ क्या करना चाहिये अब मैं 100 दिन से 125 दिन में क्या किया इसकी घोषणा करूँगा जल्द ही । पीएम ने कहा मुझे राष्ट्रपति पुतिन का फ़ोन आया था मुझे द्द समिट का फ़ोन आया था दुनिया का भरोसा है कि ये सरकार बनने वाली है ।मैंने अपनी पार्टी की बैठक में कहा था कि आप प्रत्याशी की चिंता मत करो हमारा प्रत्याशी कमल है मैंने भी कमल के लिये काम किया है हम सब कमल के लिए काम कर रहे है हमारे विरोधी भी कमल के लिये काम कर रहे है वो जितना कीचड़ उछालेंगे उतना ही कमल खिलेगा । जनता से मिलना मेरी प्राण शक्ति है ।मुझे मौक़ा मिला है । आप के पास मौक़ा है जनता तक अपने विचार पहुँचाने का जब में काशी में था मेरा मिज़ाज अलग था सभी राजनैतिक दलों के लिये चुनाव में लोगों को एजुकेट करना चाहिये ये मौक़ा है । पीएम ने कहा 400 पार पर कहा सबका परिवार है आप भी बच्चोंसे कहते है 90 आये है तो 95 लाओ इसी लिये मैं अभिभावक हूँ कहूँगा आप आगे बढ़ो वही हम भी कर रहे है । आज देश का दुर्भाग्य है लोग एक दूसरे के सर पर ठीकरा फोड़ते है देश में ज़िम्मेदारी लेने वाले लोग होने चाहिये राजनीति में । पीएम ने कहा वोट प्रतिशत par kaha कुछ लोगो की रोज़ी रोटी इसी पर टिकी है उनको तो कुछ चाहिये मुझे याद है गुजरात में मैं पार्टी का काम करता था नगर पालिका के चुनाव पर लोग सिम्बल पर नहीं लड़ते थे लेकिन भाजपा ने तय किया ज़िम्मेदारी और सिम्बल पर लड़े नतीजे अच्छे नहीं आये लेकिन हम लड़े ।वैसे ही वोट प्रतिशत भी है आप मेहनत तो करो । पीएम ने कहा मैं तैयारी करता हूँ मैं 100 दिन में सवा सौ दिन में क्या करूँगा संस्थाओं को प्रभावित किया जाता है इस पर पीएम ने कहा इलेक्शन कमीशन की चिट्ठी पर विद्वानों की चर्चा हो राजनेताओं की नहीं उस ज़माने में इलेक्शन कमिश्न को कई सालों तक एक बॉडी ने चलाया बाद में वो लोग राजनीति में आये अब जा कर इलेक्शन निरपेक्ष और स्वतंत्र हुआ है । पीएम ने वन नेशन वन लीडर का आरोप लगाया जा रहा है इसपर तीखे जवाब देते हुए पीएम ने कहा कभी विपक्ष से भी सवाल किए जाए कि ये नैरेटिव लाते कहाँ से है । गोवा में यूसीसी है भारत की सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि भारत में यूसीसी लागू किया जाये ज़रूरत है । पीएम ने संविधान बदलने के आरोप पर कहा इस देश में ये पूछना चाहिये सबसे पहले संविधान में देर बदल किसने किए पंडित नेहरू लाये दूसरा उनकी बेटी लाई कोर्ट ने हस्तक्षेप किया उन्होंने इमरजेंसी लगाव दी ।राहुल गांधी पर हमलावर होते हुए कहा एक शहज़ादा भरी सदन में बिल फाड़ दिया तो आप क्या कहेंगे एक ही परिवार के लोगों के संविधान की धज्जियाँ उड़ा दी । पीएम ने कहा धर्म के आधार पर आरक्षण इस देश के लिए ठीक नहीं मैं इसके लिये अपना जीवन खपा दूँगा जब तक ज़िंदा हूँ व्यक्तिगत फ़ायदे के लिए राजनैतिक दल ऐसा करना चाहते है मैं नहीं होने दूँगा जब तक ज़िंदा हूँ । पीएम ने कहा राजनाथ जी का बेटा भी तो है मुझे सवाल पूछते है जब मैं परिवार वाद की बात करता हूँ । पीएम ने कहा अब ऐसी खबरें आती है कि ब्लैक मार्केट को लेकर छापे मारी की खबरें आती थी अब ब्लैक मार्केट चला गया सिनेमा हाल के बाहर भी नहीं मिलता ऐसे ही भ्रष्टाचार भी देश से ख़त्म हो सकता है । पीएम ने जाँच एजेंसियों के इस्तेमाल को लेकर कहा कांग्रेस ने कोई काम किया नहीं उन्होंने कोई काम नहीं किया मेरी सरकार ने 2200 करोड़ पकड़ा है मैंने द्रस्र नहीं बनाई है ।

# निराशाजनक है कम मतदान का होना

**प्रो. सुरेश शर्मा**



मतदान के कर्त्तव्य को हर हाल में अनिवार्य बनाया जाना समय की मांग है। मतदान करने के उपरांत ही कोई नागरिक अपने अधिकारों के लिए दावा करने का पात्र हो, यह बहुत आवश्यक है, अन्यथा लोकतंत्र मजाक बन कर रह जाएगा। लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट से चोट करना आवश्यक है। हम सभी अपने वोट के अधिकार का मूल्य समझें भारत लोकतांत्रिक या प्रजातांत्रिक व्यवस्था का देश है। यह देश विश्व की महान लोकतंत्रात्मक प्रणालियों में से एक है। लोकतंत्र का आशय ही लोगों की बनाई गई एक व्यवस्था या प्रणाली है जिसके सिद्धान्तों के आधार पर यह स्वत: ही कार्य करती है। इस प्रणाली का संचालन लोगों द्वारा ही होता है। लोकतंत्र में लोगों की आशाओं, आकांक्षाओं, अपेक्षाओं तथा आवश्यकताओं के अनुरूप ही कार्य होता है। इस व्यवस्था में लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि यह व्यवस्था लोगों की, लोगों के लिए तथा लोगों के द्वारा ही संचालित होती है। लोकतंत्र या प्रजातन्त्र निर्वाचन या चुनाव से मजबूत होता है। चुनाव निष्पक्ष, निर्भीक, बिना डर, भय एवं स्वेच्छा से होता है। चुने हुए प्रतिनिधि लोगों के सेवक बनकर बिना पक्षपात तथा भेदभाव से जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करते हैं। लोकतंत्र या प्रजातन्त्र एक ऐसी शासन प्रणाली है जिसके अन्तर्गत जनता अपनी स्वेच्छा से निर्वाचन प्रक्रिया में आए हुए किसी भी मनपसंद उम्मीदवार को मत देकर अपना प्रतिनिधि चुनती है। यानी लोकतन्त्र शासन का एक ऐसा रूप जिसमें शासकों का चुनाव जनता करती है। एक ऐसी व्यवस्था जिसके अनुसार जनता का चुना हुआ प्रतिनिधि शासक या सेवक बनकर राज्य में जनता की सेवा करता है। लोकतंत्र शासकीय प्रणाली का एक बहुत सुन्दर रूप है। भारत में 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार कोई भी भारतीय व्यक्ति यदि वह 18 वर्ष की आयु पूर्ण करता हो, वह इस प्रणाली के लिए बिना डर या भय तथा अपनी स्वेच्छा से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। यह उसका संवैधानिक अधिकार है। लोकतंत्र की नींव ही वोट के अधिकार पर टिकी है। इसलिए संवैधानिक दृष्टि से यह किसी भी भारतीय नागरिक का वह अधिकार है जो लोकतन्त्र को सशक्त बनाने का कार्य करता है। विडम्बना है कि भारतीय संविधान लागू होने के 75 वर्षों के बाद भी हम इसका महत्व तथा उपयोगिता नहीं समझ पाए हैं। आज भी लोग मतदान करने में अनिच्छा तथा उदासीनता दिखाते हैं। प्रत्येक चुनाव में कर्मचारियों, अधिकारियों, गैर सरकारी तथा अर्द्धसरकारी संस्थानों में काम करने वाले दिहाड़ीदार मजदूरों को वोट डालने के लिए वेतन सहित छुट्टी का प्रावधान रहता है, लेकिन उसके बावजूद लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने में रुचि नहीं दिखाते। इसके बहुत से कारण हैं जिनमें अशिक्षित होना, लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं रखना या संवैधानिक कर्तव्यों की अनदेखी करना है। यह देश अपने नागरिकों को सब कुछ प्रदान करता है। शिक्षा, सेवा, सडक़, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रोजगार, बिजली, पानी, जीविकोपार्जन के सभी संसाधन तथा सिर उठाकर जीने की स्वतन्त्रता यह राष्ट्र प्रदान करता है। यह देश संविधान के अनुसार संचालित है। यही लोकतंत्रिक प्रणाली को मजबूती प्रदान करता है। अफसोस है कि हम वोट डालने के संवैधानिक अधिकार का पालन ही नहीं करते। आज भी सरकारों को अधिक मतदान करने के लिए लोगों को शिक्षित एवं जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान चलाने पड़ते हैं। आज भी वोट डलवाने के लिए लोगों से निवेदन तथा आग्रह करना पड़ता है। हमें यह समझना चाहिए कि लोकतन्त्र में जहां वोट डालना हमारा अधिकार है, वहीं यह हमारा संवैधानिक कर्तव्य भी है। अट्ठारहवीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव प्रतिशत को बढ़ाने की भारतीय चुनाव आयोग की कोशिशों के बावजूद अभी तक सम्पन्न हुए तीन लोकसभा चुनाव चरणों में यह आंकड़ा निराशाजनक ही रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए इन आंकड़ों के प्रथम चरण में 66.14 प्रतिशत, द्वितीय चरण में 66.71 प्रतिशत तथा तृतीय चरण में 65.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो कि वर्ष 2019 की तुलना में बहुत कम है। वर्तमान में चुनाव आयोग द्वारा वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए बहुत से अभियान चलाए जा रहे हैं। पाठशालाओं, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में रैलियों, भाषणों तथा अनेक प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पूरे देश में 'स्वीप' यानी 'सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलैक्टोरल पार्टिसिपेशन' कार्यक्रम के माध्यम से जन जागरण हो रहा है। इसके बावजूद कम संख्या में मतदान होना निराशाजनक है। अधिकार एवं कर्तव्य एक दूसरे के पूरक हैं। हम स्वतंत्र भारत में अपने अधिकारों का दावा तो करते हैं, परन्तु अपने कर्तव्यों के लिए जागरूक नहीं हैं। जो राष्ट्र हमें सम्मान के साथ जीने के लिए सभी संसाधन प्रदान करता है, उसकी नींव को मजबूती के लिए हम मतदान करने का कर्तव्य नहीं निभा सकते? यह बहुत ही चिंताजनक, शर्मनाक तथा दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि कोई नागरिक व्यवस्था से नाखुश है या उम्मीदवारों को पसंद नहीं करता तो भी 'नोटा' का प्रावधान है, लेकिन वोट न डालना किसी समस्या का समाधान नहीं है। बिजली, पानी, सडक़, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रोजगार के लिए हम लम्बे समय तक कार्यालयों के चक्कर लगा सकते हैं।लेकिन मतदान के संवैधानिक कर्तव्य का उपयोग करने के लिए हम मतदान केंद्र पर नहीं जा सकते? जहां आधार कार्ड, हैल्थ कार्ड, किसान कार्ड, रोजगार कार्ड तथा राशन कार्ड से प्रत्येक नागरिक का अधिकार निश्चित होता है, वहीं पर आज आवश्यक है कि मतदान कार्ड का उपयोग भी सुनिश्चित हो। मतदान के कर्तव्य को हर हाल में अनिवार्य बनाया जाना समय की मांग है। मतदान करने के उपरान्त ही कोई नागरिक अपने अधिकारों के लिए दावा करने का पात्र हो, यह बहुत आवश्यक है, अन्यथा लोकतन्त्र मजाक बन कर रह जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री शिव महापुराण कथा का श्रवण कराने संकट मोचन समिति द्वारा की गई की जा रही बस सेवा




**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** नगर के बस स्टैंड स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री संकट मोचन सुंदरकांड जनकल्याण समिति के द्वारा कुरुद में चल रहे पंडित प्रदीप मिश्रा जी (सिहोर वाले) का श्री शिव महापुराण कथा के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निशुल्क बस सेवा की व्यवस्था की गई है। विगत 16 मई से शिवमहापुराण कथा के लिए बस सेवा जारी है। कथा सुनने के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए समिति द्वारा बसों की संख्या बढ़ाई गई है। श्री संकट मोचन सुंदरकांड जनकल्याण समिति के ललित पांडे, संजय शर्मा, राजेश शर्मा, राजेश यादव, बालकृष्ण यादव, नंद कुमार साहू, चेतन साहू, कौशल यादव, जय साहू, मोहन देवांगन, खेलन देवांगन, मोहन यदु, आकाश साहू, सागर निषाद, अनिल यादव, राजा कंसारी, राकेश गुप्ता सहित अन्य सदस्य गण अपना योगदान दे रहे हैं। श्रद्धालुओं को कथा स्थल तक ले जाने के लिए प्रातः 7:30 बजे शर्मा भोजनालय के पास से बस निकल रही है। जो भी श्रद्धालु कथा श्रवण करने के लिए कुरुद जाना चाहते हैं वे समय के पूर्व पहुंच जाएं।

### गिरौदपुरी जैतखाम को काटने पर बवाल, पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने कहा– दोषियों पर जल्द कार्रवाई करे सरकार



**रायपुर ( आरएनएस )।** गिरौदपुरी धाम की घटना को लेकर पूर्व मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने प्रेसवार्ता ली. उन्होंने भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा सरकार ने गिरौदपुरी के साथ हमेशा खिलवाड़ किया है. भाजपा सरकार आने के बाद मेला समिति का राजनीतिकरण किया गया. मेला शुरू होने से पहले समिति की बैठक भी नहीं ली गई. असामाजिक तत्वों ने जैतखाम को काट दिया है. गुरु रुद्र ने कहा, भाजपा सरकार से मांग करता हूं कि अतिशीघ्र उन दोषियों को पकड़ा जाए. कड़ी कार्रवाई की जाए. मैं गिरोधपुरी जाकर 11 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन करूंगा. पूरे मामले की जांच की जाएगी.

### राशन घोटाला मामले में पूर्व नपं अध्यक्ष के साथ तीन पर एफआईआर दर्ज

**कवर्धा-रायपुर ( आरएनएस )।** राशन घोटाले की जांच में शिकायत सही पाए जाने पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उषा श्रीवास सहित 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. शासकीय उचित मूल्य के संचालक के खिलाफएफआईआर दर्ज होने पर सोसायटी संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है. सहसपुर लोहारा क्षेत्र में संचालित शासकीय राशन दुकान के हितग्राहियों ने दुकान से 500 लोगों को राशन दिया था, लेकिन सेल्समैन मनहरण श्रीवास ने बीते दो माह से महज 200 लोगों को ही राशन दिया है, शेष 300 लोगों को राशन देने में आनाकानी कर रहा है. जबकि सेल्समैन पहले से ही उनका फिंगर प्रिंट ले चुका है, उसके बाद भी उन्हें सरकार से मिलने वाला 35 किलो चावल नहीं दिया जा रहा है. हितग्राहियों की शिकायत पर खाद्य अधिकारी ने जांच टीम गठित की, जिसने पाया कि करीबन 16 लाख रुपए के राशन की गड़बड़ी हुई है. इसके बाद राशन गबन के आरोप में खाद्य विभाग ने राशन दुकान संचालन समिति अध्यक्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उषा श्रीवास के साथ सेल्समैन मनहरण श्रीवास के खिलाफसहसपुर लोहारा थाना में मामला दर्ज कराया।

### गुढ़ियारी बिजली आफिस अग्निकांड में 50 करोड़ का नुकसान, जांच समिति ने एचआर को सौंपी रिपोर्ट

**रायपुर ( आरएनएस )।** राज्य विद्युत वितरण कंपनी के गुढ़ियारी स्थित गोदाम में अग्निकांड की रिपोर्ट जांच समिति ने सौंप दी है। पांच अप्रैल को अग्निकांड घटना के बाद छह सदस्यीय समिति ने लगभग 50 करोड़ रुपये नुकसान का आंकलन किया है। साथ ही घटना के जिम्मेदारों के विषय में भी टिप्पणी की है। अधिकारियों के मुताबिक रिपोर्ट के आधार पर सभी पहलुओं पर विचार करते हुए घटना के जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही की जाएगी। गोपनीय रिपोर्ट में यह जिक्र है कि आगजनी पूर्वनियोजित नहीं बल्कि सुरक्षा में लापरवाही का नतीजा है। इसकी वजह से गोदाम में रखे ट्रांसफार्मर पूरी तरह खाक हो गए। जांच समिति की यह रिपोर्ट कंपनी के प्रबंधक एचआर को प्रस्तुत की गई है।

### जिले में मनाया गया विश्व उच्च रक्तचाप दिवस, कलेक्टर सहित कर्मचारियों ने करवाई जांच

**बलौदाबाजार ( आरएनएस )।** राज्य शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज रक्त चाप का परीक्षण कर विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर के एल चौहान, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी का रक्तचाप परीक्षण स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया। इस सम्बंध में सीएमएच ओ डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि इस अवसर पर जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों के रक्तचाप का परीक्षण किया गया एवं आवश्यक होने पर दवाई दी गई है। उन्होंने आगे बताया कि वास्तव में उच्च रक्तचाप वह स्थिति है जिसमें धमनियों में रक्त का प्रवाह बनाये रखने के लिए हृदय को अधिक काम करने की जरूरत पड़ती है। इसका कारण यह है कि,समय के साथ धमनियाँ कठोर और कड़ी हो जाती हैं जिसके फलस्वरूप हृदय कमज़ोर हो जाता है। दुनिया का लगभग हर तीसरा व्यक्ति इससे प्रभावित है। समान्य रूप से इसका माप 120/80 होता है जबकि एक बीस साल के व्यक्ति में 140/90 और एक पचास साल की उम्र के व्यक्ति में 160/95 उच्च रक्तचाप माना जाता है। मानसिक तनाव,अधिक नमक का सेवन,वजन की अधिकता,आनुवंशिकता, धूम्रपान,शराब और आलस्यपूर्ण जीवन शैली उच्च रक्तचाप के कारण हो सकते हैं। इसके कारण हृदय घात,मष्तिष्कघात,गुर्दे की समस्या या आंखों पर असर होता गई। गर्भवती महिला को इसका विशेष ध्यान रखना पड़ता है। उच्च रक्तचाप को एक साइलेंट किलर भी कहा जाता है।उच्च रक्त चाप होने पर दवाई जीवन भर खानी पड़ी सकती है।

## मुनि श्री विनम्रसागर जी महाराज ने बताया सम्यक् दर्शन क्या होता है?

**विदिशा ( विश्व परिवार )।** सम्यक् दर्शन क्या होता है? एक सम्यक् दृष्टि जीव निःशंकित एवं निकांक्षित होकर भोग आकांक्षा या हारी बीमारी के चलते अपनी श्रद्धा को देव शास्त्र गुरू से कभी टूटने नहीं देता, वह किसी चमत्कार या अन्य शक्तियों से प्रभावित नहीं होता। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री विनम्रसागर जी महाराज ने श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के छंटवे दिवस अरिहंत विहार जैन मंदिर में व्यक्त किये। उन्होंने सम्यक् दर्शन की महिमा का उल्लेख करते हुये कहा कि आपकी परीक्षा तब शुरू होती है जब आपके परिवार में आपका कोई निकटतम व्यक्ति शारिरिक अथवा मानसिक बाधा से पीड़ित होता है आप उस परिक्षा में कितने खरे उतरते है? उन्होंने कहा कि वही सच्चा सम्यक् दृष्टि है, जो निशंकित निकांक्षित होकर तलवार की धार के समान अपने धर्म के प्रति दृण रहता है। किसी भोग आकांक्षा के चलते उसकी श्रद्धा देव शास्त्र गुरू से कभी टूटती नही, उन्होंने प्रभावना अंग की चर्चा करते हुये कहा कि पिछले आठ दिनों से आप लोग सिद्धचक्र महामंडल विधान का निमित्त बनाकर जिनशासन की प्रभावना कर रहे है, उन्होंने सभी पात्रों को पात्र शक्ति का परिचय कराते हुये कहा कि सम्यक् दृष्टि के लिये वृति अथवा महावृति होंना आवश्यक नहीं है वह आपमें से भी एक सामान्य श्रावक भी हो सकता है। भले ही यह विधान एक परिवार के लोगों ने किया, लेकिन जिन जिन लोगों ने सहयोगी बनकर धर्म की प्रभावना का कार्य किया है वह सभी आशीर्वाद के पात्र है। उन्होंने कहा कि मात्र भगवान की पूजा करने से ही धर्म की प्रभावना नहीं होती बल्कि जीवों की रक्षा एवं मानव सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने यू टियूब चैनल के लाईव प्रसारण के माध्यम से विदिशा सहित समूचे भारत की जैन समाज को सम्वोधित करते हुये कहा कि भीषण तेज गर्मी पड़ रही है आपने अपने घर के



अंदर नया कूलर नया फ्रिज नया ए. सी लगवाया होगा लेकिन विचार कीजिये कि हजारों किलोमीटर दूर काश्मीर से कन्याकुमारी तक अपने परिवार और बच्चों के साथ रेल में सफर कर उस यात्री को यदि समय पर ठंडा पानी और छाछ या नीवू का शरवत उपलव्ध करा दिया तो यह जैन शासन की सच्ची प्रभावना होगी।इस भीषण गर्मी में समस्त जीवों के प्रति दया रखते हुये पक्षियों को आश्रय उनको दाना पानी, मूक पशुओं को अपने घर के पास भोजन पानी का इंतजाम करते है तो इससे बड़ा और कोई धर्म नहीं यह भी आपकी प्रभावना धर्म का ही अंग है पुज्य गुरुदेव हमेशा कहा करते थे जिसके जीवन में दया, अनुकंपा नहीं है उसके जीवन में अभी धर्म की शुरुआत ही नहीं है। स. दिगम्बर जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया आज विधान के अंतिम दिवस 1024 अर्घ श्री फल के साथ समर्पित किये गये। रात्री में श्री विद्यासागर संस्कार केन्द्र किरीमौहल्ला पाठशाला के नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया इस अवसर पर विधानाचार्य अविनाश भैया ने सम्यक् दर्शन के आठ अंगों पर प्रकाश डालते हुये शास्त्र बाचन किया। सोमवार को प्रात:हबन के पश्चात 7:30 बजे श्री जी का चल समारोह अरिहंत विहार प्रांगण में परिक्रमा कर समापन किया जाऐगा। **-अविनाश जैन**

## दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का तप कल्याणक दिवस मनाया गया

### आत्मा को परमात्मा बनाने का पुरुषार्थ है भगवान महावीर स्वामी की तप साधना : श्रेयश जैन बालू



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड रायपुर के जिनालय में आज वैशाख शुक्ल दशमी 18 मई शनिवार को प्रातः 8.30 बजे श्री पार्श्वनाथ भगवान की बेदी के समक्ष 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी तप कल्याणक दिवस भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया की आज सर्वप्रथम 8.30 बजे मंगलाष्टक पाठ प्रारंभ कर भगवान महावीर की खड्गासन जिनप्रतिमा को विराजमान किया गया। शुद्ध प्रासुक जल से उपस्थित सभी धर्म प्रेमी बंधुओ ने जिन प्रतिमा का विनय भाव से अभिषेक किया। साथ ही साथ आज की रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता लघु शांति धारा करने का सौभाग्य प्रदीप जैन चाइल्ड केयर वालो को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात आरती कर अष्ट द्रव्यों से देव शास्त्र गुरु पूजन एवं महावीर स्वामी पूजन कर तप कल्याणक दिवस मनाया गया। जैन दर्शन के अनुसार अष्ट कर्मों का नाश करने के लिए व्यक्ति को तप साधना करनी पड़ती है। आत्मा को परमात्मा बनाने के लिए कठोर परीषहो को समता पूर्वक सहन करना पड़ता है। 30 वर्ष की अवस्था में दीक्षा लेने के बाद भगवान महावीर स्वामी को कैवल्योपलब्धि हुई। 12 वर्ष 5 माह तक एवं 15 दिन तक कठोर तप किया जिसके बाद वैशाख शुक्ल दशमी को आपको केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई। केवल ज्ञान की प्राप्ति के बाद योग्य गणधर इंद्रभूति गौतम के आगमन पर उन्होंने सर्वप्रथम प्राणियों के कल्याण के लिए उपदेश दिया। तपस्या के समय उन्होंने समता पूर्वक अनेक उपसर्गों को सहन किया। अत: आज भी व्यक्ति व्रत उपवास और संयम की साधना भगवान महावीर स्वामी के बाह्य तप के अनुसार करते हैं उनकी तप साधना आत्मा को परमात्मा बनाने का पुरुषार्थ है। चाहे वर्षाकाल हो या ग्रीष्मकाल परिस्थितियों को सहन करते हुए भगवान महावीर स्वामी ने तपस्या में एकाग्रचित्त होकर धर्म साधना की। उनकी यह तपस्या कर्मों को जीतने के लिए थी। भगवान महावीर स्वामी के जियो और जीने दो के सिद्धांत को बताया। अपने लिए तो सभी जीने की भावना रखते हैं लेकिन महावीर स्वामी ने जीने दो की भावना पर जोर देकर सभी प्राणियों को निर्भयता से जीवन जीने का उपदेश दिया। उन्होंने निर्जन वनों में भी तप साधना कर आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। भगवान महावीर स्वामी की तप साधना महान थी। इस अवसर पर आज विशेष रूप से श्रेयश जैन बालू, प्रवीण जैन मामा जी, प्रदीप जैन चाइल्ड केयर, प्रणीत जैन, नीरज जैन, पलक जैन के साथ साथ बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित थी। **-प्रणीत जैन**

## माँ बाप वो दीपक है जो जिंदगी भर के अंधेरे को मिटा देते हैं : मुनि पुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज

### अशोक नगर और दर्शनोदय थूवोनजी ने आचार्य श्री को श्रीफल भेंट किए

### चातुर्मास की उम्मीद में दस से भी अधिक परिवारों ने डेरा डाला था कुंडलपुर में : विजय धुर्रा

**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** मां वाप की आयु एक दिन की भी हो तब भी वो दीपक है जो जिंदगी भर के अंधेरे को मिटाकर जाते है, जवान बालक कितनी भी काढिया जलाते रहे, दो कदम से ज्यादा उजाला नही होता

अनजान व्यक्ति के एक दो वर्ष के प्रेम के लिए माँ बाप के 25 वर्ष के प्रेम को तुमने आँसू में बहा दिया। माँ बाप तुम्हारी गंदगी साफ करने के लिए मेतरानी बने, कपड़े धोने के लिए धोबिन बनी, रोटी बनाने के रसोईन बने उन्हें कभी झुंझुलाहट नही आई, 25 साल तक जो प्रेम किया कोई पत्नी नही कर सकती मां वाप का स्थान कोई नहीं ले सकता यदि आपको उनकी सेवा का मौका मिला है तो समर्पित भाव से सेवा करते हुए अपने कर्तव्य का पालन सौभाग्य मान कर करें उक्त आश्य केउद्गार मुनि पुंगव




श्रीसुधासागरजी महाराज ने दमोह में जिज्ञासा समाधान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कुंडलपुर से लौट कर बताया कि दस से अधिक परिवारों ने दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में चातुर्मास की भावना को लेकर अपना डेरा में एक माह से भी अधिक समय तक डाले रखा इस समय कुंडलपुर में अनेक उप संघों का विहार चल रहा है मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ कुंडलपुर से विहार कर दमोह में विराजमान हैं जहां दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी व अशोक नगर जैन समाज के पदाधिकारियों ने गुरु चरणों में श्री फल भेंट कर कहा कि हम सब कुंडलपुर भी गये थे और आचार्य महाराज को श्री फल भेंट कर चातुर्मास का निवेदन किया है इस दौरान थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल व महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि हम सब लोगों दमोह में मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के पास जाकर आये है समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल व महामंत्री राकेश अमरोद ने कहा कि हम सब बहुत दिनों से भावना भाई रहे हैं और हम को उम्मीद है कि इस वर्ष चातुर्मास मिलेगा पूर्व से ही समाज और कमेटी चातुर्मास के निवेदन के साथ ही विहार में सहभागिता दे रही थी इस समय कुंडलपुर में अनेक परिवारों के सदस्य यहां लाभ ले रहे हैं।

**लव मैरिज में इतने अंधे ना होना कि अपनी संस्कृति को ही भूल जाओ :** मुनि पुंगव ने कहा कि लव मैरिज में इतने अंधे न हो जाओ कि संस्कृति को ही भूल जाओ तुम्हारे गुरु ही छूट जाये, गुरु का संस्कार छूट जाए कर्म ने जैनकुल दिया है तो आपकी जिंदगी जैनत्व के साथ व्यतीत होना चाहिए, अन्यथा जन्म जन्म तक जैनकुल नही मिलेगा लव मैरिज में मित्रता होती है तो तू तड़ाक होती है और सम्बन्ध में एक छोटा और एक बड़ा होता है, कर्तव्य, अधिकार में अंतर होता है, मित्रता में दोनो के बराबर होने से टकराव होता है लव मैरिज में नौकरी करने वालो के बच्चे कभी माँ बाप के काम नही आते क्योंकि माँ बाप उनके काम नही आये लव मैरिज में इतना विवेक हो- कुल, जाति बराबरी के हो, दोंनों कुलों के देव शास्त्र गुरु एक हो।

**दूध कभी मांसाहारी नहीं हो सकता :** उन्होंने कहा कि दूध कभी मांसाहारी नहीं हो सकता क्योंकि कि दूध निकालने से गाय को हानि नही होती दूध निकालने के बाद गाय को आनंद आता है गाय, दूध अपने बछड़े को पिलाना चाहती है, वो उसे गलत चीज नही पिलाएगी दूध में जो बैक्टीरिया पाए जाते है, वो खून में नही पाये जाते, दोनो अलग है दूध प्रकृति प्रदत्त है, संसार का कोई भी जीव जन्मते ही दूध पीता है, चाहे सिंहनी का ही जीव क्यों न हों। **-विजय धुर्रा**

## जिनका व्यक्तित्व महान, उनका नाम हो जाता एक मंत्र : मुनिपुंगव श्री सुधासागर महाराज



**गौरेला ( विश्व परिवार )।** वो चमक वो दमक वो मुस्कान वो महक अब हमारी यादों में है, हमारी कल्पना में है, संसार में कभी नहीं पा सकते, आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के गुणों, उनके व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए निर्यापक श्रमण श्री सुधासागर महाराज ने कहा कि महान व्यक्ति का नाम एक मंत्र होता है। वो त्याग, वो तपस्या, वो साधना, वो ज्ञान, वो सरलता, वो सहजता, वो मुस्कान, वो मधुर वाणी, वो सम्मोहित करती आंखें, वो जन जन की समस्याओं का समाधान करती वो बातें, उनका सृजन, देश के प्रथम नागरिक हों प्रधानमंत्री हों अथवा साधारण जन सबके प्रति समान भाव, न किसी का आदर न किसी का निरादर, न किसी को बुलाना न किसी को भगाना, न किसी से राग न किसी से द्वेष असंख्य गुणों के धारी सुप्रसिद्ध दिगम्बर मुनि संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के युग में हमने जन्म लिया, उनके दर्शन किये, उनके उपदेश सुने, ये प्रमाण है कि हम सब परम् सौभाग्य शाली हैं। उनकी चमक उनकी दमक उनकी मुस्कान उनकी महक अब हम कभी नहीं देख सकते, केवल यादों में सहेज कर रख सकते हैं।

मध्यप्रदेश के दमोह नगर में आपने कहा कि महान व्यक्ति संसार से चले जाते हैं पुन: कभी नहीं आते मगर जो हम उनसे पाते थे वहीं उनके नाम लेने से उपलब्ध हो जाता है। महान व्यक्ति के जाने के उपरांत उनका नाम एक मंत्र हो जाता है।जिस श्रद्धा विश्वास और समर्पण से हम उनके दर्शन करते थे उसी श्रद्धा विश्वास और समर्पण से हम उनका नाम लें तो वहीं प्राप्ति होगी जो उनके साक्षात दर्शन से होती थी।उनके नाम की सिद्धि हमारा कर्त्तव्य है।

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के कदम जिस पथ पर बढ़ जाते असंख्य कदम पीछे पीछे चलने लगते। गांव हो या नगर, निर्जन जंगल हो या महानगर के रास्ते, पक्की सड़क हो पथरीली राहें, आचार्य श्री कहां जा रहे हैं पता नहीं हमें तो बस पीछे चलते जाना है। जिस दिशा में उनके नयन उठते हजारों आंखें उस ओर निहारने लगतीं। मगर वो हजारों के इस मेले में भी अकेले होते आत्मलीन। अब हम ऐसे अद्भुत अद्वितीय दृश्य पुन: नहीं देख पायेंगे। तीन लोक की संपदा भी उनकी संपदा के सामने तुच्छ थी सम्यक रत्नत्रय से भरा था उनका साधना कोष। **-वेदचन्द जैन**

## आधुनिक जीवन शैली की बीमारियों से मुक्त करने का कारगर माध्यम है योग



### एम्स के योगोत्सव-2024 में चिकित्सकों, पुलिस अधिकारियों ने सीखे योग आसन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** योग को दैनिक दिनचर्या में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की ओर से विशेष योगोत्सव-2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न योग आसन की मदद से आधुनिक जीवन शैली की कई बीमारियों को दूर करने के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

योगोत्सव-2024 में प्रमुख रूप से विभिन्न प्रकार के आसन से शरीर को मजबूत बनाने, प्राणायाम की मदद से आक्सीजन लेकर खुद को तनाव मुक्त करने और शरीर को स्वस्थ रखने की विभिन्न विधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने कहा कि स्वस्थ रहने में योग का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत में मोटापा, शुगर और बीपी के बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए योग के माध्यम से इन्हें दूर करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि योग किसी भी आयुवर्ग में किया जा सकता है। इससे स्वास्थ्य चुनौतियों का आसानी के साथ मुकाबला संभव है।

इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर (योग) डॉ. विक्रम पई ने कहा कि योग पर निरंतर शोध और अनुसंधान से सिद्ध हुआ है कि कई बीमारियों का कारगर इलाज योग के माध्यम से संभव है।

कार्यक्रम में एसपी संतोष सिंह, आयुष के संयुक्त निदेशक सुनील दास, विवेक भारती, प्रो. आलोक अग्रवाल, अधिष्ठाता (शैक्षणिक), प्रो. रेनू अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक सहित विभिन्न चिकित्सकों, पुलिस अधिकारियों, सीफेट और आयुर्वेद कालेज से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड का सार्वजनिक शौचालय एवं स्नानागार खुलता है मात्र 15 दिनों के लिए

### हां ये है छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड का सार्वजनिक शौचालय

### शौचालय के बंद रहने से पर्यटकों को हो रही बड़ी परेशानी

**राजिम ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड का सार्वजनिक शौचालय एवं स्नानागार धर्मनगरी राजिम के राजीवलोचन मंदिर से चंद कदमों की दूरी पर त्रिवेणी संगम के तट में बना हुआ है। राम वन गमन पथ के अन्तर्गत बनाए गए इस शौचालय में प्रदेश सरकार के द्वारा लाखों रुपया खर्च किया गया है। आधुनिक डिजाइन में बनाकर सभी उम्र के लोगों के लिए सुलभता प्रदान की गई है। वहीं महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं हैं लेकिन यह मात्र माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक श्रद्धालु, पर्यटक एवं मेलार्थियों को नसीब हो पाता है। बाकी साल के 365 दिन में से 350 दिन बंद रहता है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश का प्रसिद्ध कुंभ कल्प मेला यही लगता है। जिसमें प्रदेश भर के लोग ही नहीं बल्कि देश और विदेश से भी बड़ी संख्या में पुण्य स्नान, मंदिर दर्शन एवं मेला घूमने के लिए आते



हैं। ऐसी बात नहीं है कि सिर्फ मेला के समय ही श्रद्धालु पहुंचते हैं बल्कि बारहो महीना बड़ी संख्या में आना-जाना लगा रहता है। स्थानीय लोग प्रश्न कर रहे हैं कि यदि 15 दिनों के लिए इस शौचालय को बनाया गया है तो उसे अस्थाई रूप से भी बनाया जा सकता था इसमें मात्र हजारों रुपया खर्च आते। लाखों रुपया से बनाने का क्या मतलब। बताना होगा कि इस शौचालय में जाने के लिए एक मुख्य गेट जिसमें ताला लगा हुआ है। अंदर दो द्वार इसमें एक महिला और एक पुरुष का है दोनों में भी ताला लगा हुआ है। उपस्थित लोगों से पूछने पर बताया कि मेले के बाद से बंद है। पिछली सरकार में भी यही होता था। मात्र माघ पूर्णिमा मेला के समय ही खुलता और उसके बाद बंद हो जाता था। सन् 2023 में सत्ता परिवर्तन के बाद भी यही स्थिति है।

**दो महिला शौचालय जाने के लिए भटकती रही :** बताना होगा कि रायपुर से पहुंची सविता और केसर शौचालय जाने के लिए छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के सार्वजनिक शौचालय एवं स्नानागार के पास पहुंच तो गई लेकिन उन्हें ताला लगा हुआ मिला और वह मायूस हो गई। शासन प्रशासन कोसते हुए निकल गईं। यह स्थिति पर्यटकों के साथ प्रतिदिन हो रही है। पुरुष और महिलाएं दोनों धर्म नगरी में शौचालय के लिए दिक्कत में पड़ रहे हैं। हालांकि शहर में और सार्वजनिक शौचालय है लेकिन वह इस जगह से दूर है। वहां तक जाने में काफी समय लगता है।

# एचटीपीपी में गहराया कोयला संकट

## कम लोड पर चल रही इकाइयां

### कोयला मंत्रालय से पहल करने लिखेंगे पत्र

**कोरबा(विश्व परिवार)।** हसदेव ताप विद्युत संयंत्र में पर्याप्त कोयला आपूर्ति नहीं होने से स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। प्रतिदिन खपत के अनुरूप कोयला नहीं मिलने से स्टाक का कोयला उपयोग किया जा रहा है। इससे वर्तमान में कोयला स्टाक घट कर मात्र 95 हजार टन रहा गया है। जबकि तीन लाख टन होना चाहिए। विद्युत उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम स्थित हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीपी) में 210 मेगावाट की चार तथा 500 मेगावाट की एक इकाइ संचालित है। संयंत्र में एसईसीएल की कुसमुंडा खदान से कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से कोयला आपूर्ति किया जाता है। सभी इकाइयों के परिचालन में रहने पर संयंत्र में प्रतिदिन 20 से 21 हजार टन कोयला की खपत होती है। कन्वेयर बेल्ट से भी 22 से 23 हजार कोयला संयंत्र को आपूर्ति किया जाता है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से संयंत्र में नियमित रूप से कोयला आपूर्ति नहीं किया जा रहा है। मांग के अनुरूप कोयला की आपूर्ति 17 से 18 हजार टन हो रही है। प्रबंधन को स्टाक से कोयला खपत करना पड़ रहा है। इससे स्टाक में कोयला घट कर 95 हजार टन रहा गया है। नियमतरू संयंत्र में 15 दिन का कोयला स्टाक में रहना चाहिए। मात्र चार दिन कोयला होने से प्रबंधन चिंतित हो उठा है और इसके लिए एसईसीएल प्रबंधन से वार्ता कर रहा है, पर एसईसीएल द्वारा सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है। विद्युत कंपनी प्रबंधन का कहना है कि कोयला आपूर्ति नहीं बढ़ाई गई तो संयंत्र की इकाइयों को बंद करने की स्थिति निर्मित हो सकती है। एचटीपीपी संयंत्र की सभी इकाइयों को कम लोड पर चलाया जा रहा है। 1340 मेगावाट के इस संयंत्र से 977 मेगावाट बिजली उत्पन्न हो रही है। वहीं 500 मेगावाट के डीएसपीएम संयंत्र से 421, मड़वा संयंत्र से एक हजार के स्थान पर 784 मेगावाट बिजली उत्पादित हो रही है। इस तरह विद्युत कंपनी के पास आइपीपी व सीपीपी मिलाकर कुल 2,365 मेगावाट बिजली है। मौसम में आए बदलाव की वजह से बिजली की मांग में गिरावट आई है और पीक अवर्स में 4,900 मेगावाट की मांग बनी हुई है। सेंट्रल सेक्टर से आबंटित कोटे की बिजली लेकर उपभोक्ताओं को प्रदान की जा रही है। इस वजह से विद्युत संकट की स्थिति निर्मित नहीं हुई। एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन ने कोयला कम आपूर्ति किए जाने पर बीएमएस कोयला मंत्रालय को पत्र लिखने का निर्णय लिया है।



## संक्षिप्त समाचार

### जिला जेल गरियाबंद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर संतोष शर्मा के निर्देश पर तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनीकर तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार देवांगन एवं विधिक सह परिविक्षा अधिकारी किशोर न्याय बोर्ड शरदचंद निषाद की उपस्थिति में जिला जेल गरियाबंद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक हितेन्द्र ठाकुर उपस्थित रहे। साक्षरता शिविर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश वासनीकर ने बताया कि जिला जेल में निरूद्ध बंदियों को अपने प्रकरण के विचारण हेतु गरीबी स्थिति के कारण अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर पाने की स्थिति में विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क अधिवक्ता न्यायालय द्वारा उपलब्ध कराया जाता है।इसके अलावा उन्होंने जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके अधिकारों के संबंध में बताया। न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड/न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार देवांगन प्रधान द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को समझाईश देते हुए अपराध की पुनर्रावृत्ति नहीं करने का संकल्प दिलाया एवं बंदियों को जेल नियमावली के अनुसार अनुशासन में रहने को कहा।शरदचंद निषाद द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के तहत लिपकिय त्रुटी वश जो आरोपी 18 वर्ष से कम उम्र के हैं और उन्हें जेल में निरूद्ध किया गया है, ऐसे आरोपी अगर जेल में निरुद्ध हैं,तो जेल अधीक्षक/संबंधित न्यायालय/जेल निरीक्षण समिति जो प्रत्येक त्रैमास में जेल का निरीक्षण करती है ।

### बाइक चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश, 6 आरोपियों से 15 बाइक्स बरामद

**धमतरी(विश्व परिवार)।** शहर सहित आसपास के जिलों में बाइक चोरी करने वाले गिरोह का धमतरी पुलिस ने खुलासा किया है। मगरलोड थाना पुलिस ने चोरी की 15 बाइकों के साथ छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।बरामद बाइक की कीमत लाखों में बताई जा रही है। दरअसल धमतरी जिले में बाइक चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई थी। जिले के अलग-अलग थानों में बाइक चोरी के कई मामले दर्ज हैं। जिसको लेकर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। वहीं जांच के दौरान मगरलोड पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के बाइक चला रहे दो युवकों को रोक कर पूछताछ की। वहीं पूछताछ में युवक गोलमोल जवाब देने लगे। ऐसे में पुलिस को संदेह होने पर दोनों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर धमतरी सहित आसपास के जिलों से 15 बाइक चोरी की हैं। जिस पर पुलिस ने चोरी में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया और सभी बाइक को बरामद किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी चोरी की बाइक का नंबर प्लेट बदल देते थे। पुलिस का कहना है कि पकडे गए आरोपी नयन निषाद, लीलाराम निषाद, योकेश्वर निषाद, धरमचंद निषाद गरियाबंद जिला और मेघराज निषाद एंव नीलकंठ दास मगरलोड के रहने वाले हैं। फिलहाल, पुलिस सभी आरोपियों को गिरफ्तार आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### कंपनी कमांडर की हत्या करने वाले दो नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** दरभा छसबल कैम्प में पदस्थ कंपनी कमाण्डर की हत्या में शामिल स्मॉल एक्शन टीम के दो नक्सलियों को जैगुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस इन फरार नक्सलियों को कई दिनों से तलाश कर रही थी। पुलिस ने बताया कि छसबल कैम्प दरभा में पदस्थ कंपनी कमाण्डर तिजाउ राम भुआर्य की हत्या में शामिल स्मॉल एक्शन टीम के दो नक्सलियों डीएकेएमएस अध्यक्ष दशरू आरकी नरगोपारा जैगुर व मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर मंगलू कवासी डोंगरापारा जैगुर थाना जांगला को सूचना के आधार पर शुक्रवार को जैगुर से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि उक्त नक्सली छसबल कंपनी कमाण्डर की हत्या सहित 7 फरवरी 2024 को बेंचरम में स्थापित जिओ मोबाइल टावर में आगजनी व 8 मार्च 2024 को तेलीपेंटा के ग्रामीण पुसू हेमला की हत्या में भी शामिल थे। पकड़े गए नक्सलियों के विरुद्ध जांगला थाना में वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। सुरक्षा बल के जवानों ने विस्फोटक के साथ एक नक्सली को गिरफ्तार किया। जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत कुटरू थाना व छसबल दरभा की संयुक्त टीम दरभा क्षेत्र में चल रहे सडक़ निर्माण कार्य व सर्चिंग पर निकली हुई थी। इस बीच सूचना के आधार पर ग्राम फुल्लोड़ जांगला थाना निवासी सुखराम कवासी को तलब किया गया। जिसके द्वारा दरभा जंगल में छुपाकर रखा गया एक टिफिन बम मय डेटोनेटर बरामद किया गया। पकड़ा गया सुखराम के खिलाफ कुटरू थाना में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया व गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

## बांस शिल्प एवं गोदना कला के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को दिलाये प्रशिक्षण - कलेक्टर

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लघु उद्योग,स्वरोजगार एवं कौशल उन्नयन से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली।उन्होंने बैठक में उद्योग,अंत्यावसायी,खादी ग्रामोद्योग,हस्तशिल्प, हथकरघा,एनआरएलएम एवं एनयूएलएम विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने हस्तशिल्प विभाग के माध्यम से जिले में निवासरत अधिक से अधिक जनजाति सदस्यों को बांसशिल्प एवं गोदना कला का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि कमार जनजाति सदस्यों को बांस से निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्माण की विस्तृत प्रशिक्षण दी जाए। साथ ही प्रशिक्षण पश्चात बांस से निर्मित कलात्मक उत्पादों की बिक्री एवं विपणन भी सुनिश्चित की जाए, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।कलेक्टर ने शिल्पकारों के पंजीयन एवं उन्हें आवश्यक उपकरण,औजार के वितरण की भी जानकारी ली।उन्होंने उद्योग विभाग अंतर्गत चल रहे योजनाओं एवं औद्योगिक नीति के तहत हितग्राहियों को दिये जा रहे सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान बैठक में उद्योग,अंत्यावसायी,खादी ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प,हथकरघा,एनआरएलएम एवं एनयूएलएम विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने खादी ग्रामोद्योग के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत पंजीकृत एवं लाभान्वित हितग्राहियों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने हथकरघा विभाग के तहत बुनकरों को स्वरोजगार के लिए दिये जा रहे बुनकर प्रशिक्षण एवं उनकी स्वरोजगार स्थापना के कार्य योजना के बारे में भी जानकारी ली।हथकरघा विभाग के अधिकारी ने बताया कि फिंगेश्वर में नवीन बुनाई इकाई के तहत ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर ने प्रशिक्षण पश्चात हथकरघा उत्पादों के उत्पादन एवं उनकी बिक्री भी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। साथ ही बुनकरों को दिये जाने वाले सहायता,अनुदान एवं रिवाल्विंग फंड की भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राष्ट्रीय ग्रामीण एवं शहरी रोजगार मिशन के तहत चल रहे विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली।

## समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत उपयोगी : कलेक्टर

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के पांचों विकासखण्ड के सात शालाओं में संचालित पीएमश्री स्कूल के बच्चों के समर कैंप का आयोजन 16 से 18 मई तक आदर्श कन्या आश्रम बारूका में किया गया। जिसमें बच्चों को विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आज समर कैंप के समापन कार्यक्रम में कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों से विभिन्न विधाओं में सीखें गए कलाओ की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में ऐसे समर कैंप को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत ही उपयोगी बताया। शिक्षकों को ऐसे कार्यक्रम के लिए प्रोत्साहित भी किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समर कैंप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। साथ ही बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. सारस्वत, डीएमसी श्री के एस नायक सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। समर कैंप के आज तृतीय एवं अंतिम दिवस में संगीत, नृत्य, ड्राइंग पेंटिंग, लेखनकार्य, मेहंदी, नाटक,आदि विधाओं के साथ साथ कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, शतरंज, लूडो एवं कैरम खेल की बारीकियों से भी बच्चों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए के सारस्वत ने बच्चों के उन्मुखीकरण के लिए ऐसे कार्यक्रम को मील का पत्थर बताया तथा प्रशिक्षक गण, सहयोगी शिक्षकों, एवं संकुल समन्वयकों को समर कैंप के सफल संचालन के लिए बधाई दी ।

## इंडो नेपाल टूरिज्म वेलफेयर सोसाईटी नेपाल टूर के लिए हुई रवाना

**जांजगीर चाम्पा(विश्व परिवार)।** कुछ महीने से इंडो नेपाल टूरिज्म वेलफेयर सोसाईटी द्वारा नेपाल यात्रा का शानदार ऑफर चलाया जा रहा जिसकी जनकारी उनके वेबसाइट 222.द्वठ्ठह्ल2ह्य.द्वठ्ठ में भी उपलब्ध है द्य इनके पैकेज में आकर्षण सुविधाए जैसे कि रहने के लिए शानदार होटल एवं रिसार्ट, खान पान, घूमने हेतु गाड़ी की व्यवस्था एडवेंचर्स,म्यूजिक बेहतर सुविधायें नाममात्र पैकेज शुल्क पर दी जा रही द्य हर महीने लगभग दो ग्रुप टूर पैकेज दिया जा रहा उसी प्रक्रिया में अभी यात्रा हेतु पुन: रवानगी हुई इस यात्रा में धार्मिक स्थानों के दर्शन के साथ उचित पहाड़ी वादियों में प्रकृति के शानदार नजारो के साथ पूरी यात्रा कराएं जाते है द्यइंडो नेपाल टूरिज्म वेलफेयर सोसाईटी के संस्थापक डॉ जतिंदरपाल सिंह ने बताया कि हम टूर पैकेज में फॅमिली पैकेज और कई पैकेज निकल रहे साथ ही हम एक व्यावसायिक योजना लगा रहे जिसमें अब आप यात्रा के साथ पैसे कमाने का साधन भी मिलेगा जिसमें आप टूर का प्रमोशन करते है तो आप एक शानदार आवक कर सकते है द्य एक बार जो इस पैकेज में नेपाल यात्रा करते है उनको यह यात्रा सदा याद रहेगी और इस बारे वे आगे भी बतायेंगे द्य साथ ही उन्होंने बताया कि हम यात्रा में कोई असुविधा ना हों इसका पूरा ख्याल रखा गया है।

## एकतरफा प्यार में पूरे परिवार का कर दिया कत्ल

### खुदी भी लगा ली फांसी

**सारंगढ़-बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** जिले के सलिहा थाना अंतर्गत ग्राम थरगांव में शुक्रवार रात एक ही परिवार के 5 सदस्यों की पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने टंगिया से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी। इस हत्याकांड के बाद आरोपी युवक ने घटनास्थल पर ही फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। इस पूरी घटना में एकतरफा प्यार की बात सामने आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम थरगांव में रहने वाले मनोज साहू ने अपने पड़ासे में रहने वाले हेमलाल साहू सहित उसके परिवार के पांच सदस्यों को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी मनोज देर रात उनके घर पहुंचा और टंगिया से सभी पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। इस हमले में सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस जघन्य हत्याकांड के बाद आरोपी ने खुद भी उसी घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सलिहा थाना पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही को बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया दिया। मामले की जांच में पता चला है कि आरोपी युवक हेमलाल साहू की पुत्री मीरा से एकतरफा प्यार करता था। 5 साल पहले इस वजह से दोनों ही परिवार के बीच झगड़ा भी हुआ और मीरा के पिता हेमलाल के शिकायत पर मनोज को जेल भेज दिया गया। इस बीच मीरा की शादी सरसीवा के पास रायकोना गांव में हो गई। वहीं अब अपने भाई मदन साहू के शादी में शामिल होने मीरा अपने 3 साल के बेटे दत्युष के साथ गांव पहुंची थी। लेकिन फिर से मीरा को देख मनोज पागल हो गया और बीती रात उनके घर में घुसा। घर में घुसते ही पहले उसने हेमलाल साहू 55 फिर जगमोती 52 और ममता 27 वर्ष की टंगिया से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद एक अलग कमरे में सो रही मीरा 25 वर्ष और 3 साल के दत्यूष को मौत के घाट उतार दिया। इस वारदात के बाद पकड़े जाने के डर से मनोज साहू ने भी उसी घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस हत्याकांड के बाद अब इस पूरे परिवार में एक ही सदस्य मदन साहू बचा है। फिलहाल पुलिस इस पूरे हत्याकांड की जांच कर रही है। वहीं इस हत्याकांड से पूरा गांव सदमे में है।

# गर्मियों में कोरबा के जंगल बने बच्चों के लिए प्राकृतिक प्रयोगशाला



**कोरबा(विश्व परिवार)।** गर्मियों में एग्जाम खतम होते ही लोग अपने घर निकल जाते हैं लेकिन कोरबा के जंगलों में एक ऐसा प्रयोग हो रहा जिसमे अलग अलग कॉलेज के बच्चे किताबों में पढ़ने वाले ज्ञान का प्रयोग जंगलों में सीख रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में किंग कोबरा प्रोजेक्ट चल रहा है जिसमे वन विभाग के मार्गदर्शन में नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी की अध्ययन दल जंगलों के अलग अलग हिस्सों में इस दुर्लभ जीव किंग कोबरा और उनके रहवास पे अध्यायन कर रही हैं. ऐसे में कोरबा वन मंडल एवं नोवा नेचर वेलफेयर सोसइटी द्वारा प्राकृतिक प्रयोगशाला के तर्ज पर कॉलेज के पढ़ने वाले बच्चों को इस प्रोजेक्ट टीम के साथ जंगलों में विभिन्न शाशनिक विषयों को सीखने का मौका दिया ,पिछले कुछ महीनो में राज्य के अलग अलग विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले जूलॉजी, बॉटनी, मैनेजमेंट आदि विषयों के छात्र आये और किंग कोबरा टीम के साथ कई विषयों को जंगलों में सीखा. जिसमे जीवों की पारिस्तिथिकी, वन्यजीव संरक्षण और उसमे विज्ञानं का महत्व, पेड़ पौधों की पहचान करना, वन्यजीवों और उनके रहवास में सम्बन्ध आदि। इस सजीव प्रयोगशाला में वन विभाग के कर्मचारी वन एवं वानिकी के सम्बन्ध में बच्चों को जमीनी स्तर पर अवगत कराया जो बच्चे अपने पाठ्यक्रम में पढ़ते हैं. नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के एक्सपर्ट्स वन्यजीवों की पहचान करना, किंग कोबरा के साथ साथ अन्य जीवों के संरक्षण पे बच्चों को खिाया. इस प्रोजेक्ट के दौरान बच्चों को स्थानीय समुदायों के साथ मिलने, उनके रहन-सहन और वनों का उनके दैनिक जीवन पर प्रभाव को समझ रहे हैं। गर्मियों में बच्चों को यह प्रयोगशाला पसंद आ रही हैं और कई दुर्लभ जीवों को देखने का मौका मिल रहा, बच्चों का कहना था की किंग कोबरा प्रोजेक्ट उन्हें ऐसा मौका दे रहा की वे मोबाइल और लैपटॉप से अलग होकर कुछ पल प्रकृति की गोद में बिताएं।

### तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं पर भालू ने किया हमला

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले में बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टापरा के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं पर भालू ने हमला कर दिया। जंगल में दो भालू के हमले में महिलाए गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण महिलाएं तेंदुपत्ता तोड़ने के लिए जंगल की ओर गयी थी। इसी बीच एकाएक भालुओ ने उन पर हमला कर दिया, उक्त भिडंत में महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई है। बताया जा रहा हैं की हमले में चंद्रमति कंवर नामक महिला निवासी ग्राम टापरा के दोनों पैर में भालुओं ने गहरे घाव कर दिए है। वहीं अन्य महिला फूल कुंवर नामक महिला के बाएं जांघ में हमला किया है। पूरे घटना की सुचना ग्रामीणों द्वारा डायल 112 को दी गई, जिसके बाद मौके पर त्वरित रूप से आरक्षक रोहित पाटले 262 एवं चालक पुर्णेश गवेल ने पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल के लिए रवाना किया जहा घायलों का उपचार जारी है।

## व्यापार समाचार

### सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड करेगी पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में रणनीतिक निवेश

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद स्थित सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड के निदेशक मंडल ने पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में रणनीतिक निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कंपनी पटेल कंटेनर में 36त्न हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी, जिसे अगले दो वर्षों में 51 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। सेलविन ट्रेडर्स के निवेश का उपयोग गुजरात के भावनगर जिले में लॉजिस्टिक कंटेनरों के लिए एक नई विनिर्माण इकाई की स्थापना में सहायता के लिए किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पटेल कंटेनर ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट, 2024 में गुजरात के भावनगर जिले में लॉजिस्टिक कंटेनरों की सुविधा स्थापित करने के लिए भावनगर में विनिर्माण सुविधा के लिए 45 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एक समझौता किया था। इस परियोजना से 100 लोगों के लिए रोजगार पैदा होने का अनुमान है और वर्ष 2025 में परियोजना शुरू होने की उम्मीद है। इस इकाई के लिए भावनगर रणनीतिक लाभ प्रदान करता है, जिसमें प्रमुख बंदरगाहों और व्यापार मार्गों से निकटता शामिल है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान, कंपनी ने अपने व्यवसाय संचालन में बदलाव किया एवं वित्त वर्ष 2023 में अर्जित 39.60 करोड़ रुपए के मुकाबले में 56 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 61.7 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री वेदांत पंचाल ने कहा कि पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में रणनीतिक निवेश करने के लिए एमओयू 15 मई 2024 को किया गया था। यह उद्यम न केवल सेलविन ट्रेडर्स के पोर्टफोलियो में विविधता लाता है, बल्कि इसे लॉजिस्टिक एवं मेटल उद्योग में लाभप्रद उद्योग के रूप से उच्च स्थान पर रखता है। उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाकर और कुशल परिचालन सेटअप स्थापित करके, सेलविन ट्रेडर्स का प्रबंधन पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में निवेश से फलदायी परिणामों की उम्मीद करता है।

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने नए युग के तहत लागू की नई कॉर्पोरेट पहचान

**नईदिल्ली।** जहाँ एक ओर स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा कर दी है और आगामी समय में इसके कई प्रॉडक्ट एक्शन्स जल्द होने वाले हैं, वहीं दूसरी ओर भारत में अपने नए युग के तहत अपने नेटवर्क और ग्राहकों को मज़बूती देने पर कंपनी लगातार फोकस कर रही है। अपनी डिजिटलाइज़ेशन रणनीति में बढ़ोतरी करने के बाद ब्रांड ने अब डीलरशिप्स, सर्विस सेंटर्स और अन्य कस्टमर टचपॉइंट्स जैसे अपने फिज़िकल एसेट्स में नई कॉर्पोरेट पहचान को लागू करने की घोषणा की है। इस घोषणा के बारे में बात करते हुए पेट्रे ज़नेबा, ब्रांड डायरेक्टर, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कहा: फ्विश्व स्तरीय कारों के निर्माण के साथ हमारे प्रयासों का फोकस हमारे ग्राहकों, हमारे परिवारों और हमारे प्रशंसकों के लिए एक संपूर्ण, सभी प्रकार से समृद्ध अनुभव पेश करने पर रहा है। डिजिटलाइज़ेशन निश्चित ही उन अनेकों तरीकों में से एक है जिसके ज़रिए हम ग्राहकों तक पहुँचते हैं। जिस तरह हमारी मैसेजिंग के साथ हमारी स्थिरता महत्वपूर्ण है, उसी तरह हमारे ग्राहकों और सभी अन्य हितधारकों के लिए प्रस्तुत की जाने वाली हमारी डिज़ाइन की भाषा, हमारी पहचान और चेहरा उतने ही महत्वपूर्ण हैं। 2023 में हमारे कम्यूनिकेशन और मार्केटिंग में हम लगातार और सोच-विचार कर हमारे ब्रांड की नई कॉर्पोरेट पहचान को लागू करते रहे हैं। अब हम इसे अगले चरण में ले जाने के लिए तैयार हैं जिसमें हमारे डीलरशिप्स और विभिन्न कस्टमर टचपॉइंट्स शामिल हैं। सबकुछ समरूपता में फ्लुईडिटी का संदेश देती गोल आकार और बॉर्डर के साथ कॉम्बिनेशन की मज़बूती प्रदर्शित करने के लिए स्कोडा ऑटो इंडिया की नई स्टाइलिंग और टाइपफेस समरूपता के आधार पर नई टाइपोग्राफी का इस्तेमाल करती है। इसके साथ ही नई कॉर्पोरेट पहचान आधुनिक मज़बूत कथन का ही आगे विस्तार है जो साल 2022 से ब्रांड के डिज़ाइन और एस्थेटिक्स को निर्धारित करता रहा है। इतना ही नहीं, स्कोडा ऑटो की आइकॉनिक विंग्ड एरो इमेजरी की जगह अब स्कोडा वर्डमार्क होगा जो कंपनी के संपूर्ण टचपॉइंट्स में कम्यूनिकेशन और इमेजरी में एक सामंजस्य सुनिश्चित करेगा।

### आईएफसी ने भारत में वंचित महिला उधारकर्ताओं को माइक्रोलोन बढ़ाने के लिए एचडीएफसी बैंक को 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण

**नई दिल्ली।** महिलाओं, विशेष रूप से अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सूक्ष्म ऋण उधारकर्ताओं को भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक को 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक के आईएफसी वित्तपोषण के साथ वित्त तक पहुंच करने में सहायता होगी। इसका लक्ष्य देश में वित्तीय समावेशन और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, आय सृजन उद्देश्यों के लिए ऋण देने में सहायता करना है। महिलाओं को ऋण देने के लंबे इतिहास वाला बैंक, सतत आजीविका पहल (एसएलआई) में नामांकित स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और ज्वाइंट लायबिलिटी ग्रुप (जेएलजी) को सूक्ष्म ऋण के रूप में आगे ऋण देने के लिए आईएफसी के वित्तपोषण का उपयोग करेगा। एसएलआई बैंक की व्यावसायिक शाखा है जो विशेष रूप से महिला उधारकर्ताओं के लिए माइक्रोफाइनेंस ऋण कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदार है। आईएफसी का ऋण बैंक को महिलाओं के लिए अपने माइक्रोक्रेडिट और माइक्रोलेंडिंग को बढ़ाने में सक्षम करेगा, विशेष रूप से एसएचजी और जेएलजी उधारकर्ताओं को व्यक्तिगत ऋण योजनाओं में स्नातक करने की अनुमति देगा। अरुप रक्षित, ग्रुप हेड, ट्रेजरी, एचडीएफसी बैंक ने कहा, एक बैंक के रूप में हम विशेष रूप से स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) और ज्वाइंट लायबिलिटी ग्रुप (जेएलजी) को लक्षित ऋण देकर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो बैंकिंग सुविधा को कम और बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों तक ले जाने में मदद करता है। आईएफसी की यह लंबी अवधि की क्रेडिट सुविधा इन प्रयासों को और बढ़ावा देगी। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां, जिनमें माइक्रोफाइनेंस संस्थान (एमएफआई) और छोटे वित्त बैंक शामिल हैं, कमाई के साधनों के उद्देश्यों के लिए ऋण चाहने वाली महिलाओं के लिए प्रमुख ऋणदाता हैं, जो भारत में कुल माइक्रोफाइनेंस ऋण का लगभग 65.7 प्रतिशत है और 31 दिसंबर, 2023 तक।

# फ़ैंस की हूटिंग से हार्दिक और टीम का प्रदर्शन प्रभावित हुआ : बाउचर




**मुंबई( एजेंसी )।** इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने माना है कि हार्दिक पांड्या को रोहित शर्मा की जगह पर कप्तान बनाने के बाद, प्रशंसकों की आलोचना ने आईपीएल 2024 में उनकी टीम के प्रदर्शन को प्रभावित किया। शुक्रवार को मुंबई की टीम को उनके लीग स्टेज के आख़िरी मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के ख़िलाफ़ 18 रनों की हार झेलनी पड़ी। इस हार के बाद मुंबई की टीम ने अंक तालिका में 10वें और आखिरी स्थान पर इस सीज़न को समाप्त किया। रोहित शर्मा इस मैच में फिर से एक इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेले। हालांकि पहली पारी में भले ही वह मैदान पर नहीं थे लेकिन जब हार्दिक गेंदबाज़ी करने आए तो स्टेडियम में मौजूद फ़ैंस रोहित शर्मा का नारा लगाते दिखे। दूसरी पारी के दौरान भी हाल कुछ ऐसा ही था। जब रोहित 38 गेंदों में 68 रनों की पारी खेलने के बाद वापस डगआउट जा रहे थे, तब फैंस ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनकी इस पारी के लिए उनका धन्यवाद किया लेकिन उसके बाद जैसे ही हार्दिक बल्लेबाज़ी के लिए आए तो लोगों ने उनके ख़िलाफ़ हूटिंग शुरू कर दी। बाउचर ने स्वीकार किया कि इस सीज़न में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं था, लेकिन उम्मीद है कि टीम प्रबंधन अगले सीज़न से पहले कुछ अच्छे फ़ैसले करेगा। बाउचर ने कहा, ऐसी कई चीज़ें हैं जिनमें हमें सुधार की ज़रूरत है, चाहे वह मैदान पर हो या मैदान के बाहर। हमारे टीम प्रबंधन में कई महान खिलाड़ी मौजूद हैं। हम एक साथ बैठेंगे और इस पर चर्चा करेंगे कि कैसे इन खिलाड़ियों से उस तरह के प्रदर्शन को बाहर निकाला जाए, जिसके लिए ये सक्षम हैं। इस सीज़न में बहुत सारी ऐसी चीज़ें हो रही थीं, जिनका हिस्सा बनना कहीं से भी अच्छा अनुभव नहीं था। कुछ चीज़ें पहले किसी खिलाड़ी को प्रभावित करती हैं और फिर टीम को भी प्रभावित करती है। इस संदर्भ में हमें विचार करने की ज़रूरत है और उम्मीद है कि आगे कुछ अच्छे फ़ैसले किए जाएंगे ताकि मैदान के बाहर की चीज़ों पर भी ध्यान दिया जा सके। हार्दिक ने इस सीज़न 13 पारियों में सिर्फ़ 18 की औसत से मात्र 216 रन बनाए। साथ ही गेंद के साथ उन्होंने 12 पारियों में 11 विकेट लिए और उनकी इकॉनमी 10.75 की रही। बाउचर ने इस बात को भी स्वीकार किया कि मैदान के बाहर जिस तरह की चीज़ें हुईं, उससे हार्दिक के प्रदर्शन पर प्रभाव पड़ा, हालांकि इस तरह की चीज़ें उन्हें एक बेहतर कप्तान बनने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अगर हार्दिक यहां होते तो वह भी अपने प्रदर्शन से निराश होते। एक कप्तान के दृष्टिकोण से मुझे लगा कि उन्होंने कुछ अच्छे मैच खेले हैं। उनके आसपास बहुत सारी चीज़ें चल रही थीं, जो शायद उनकी योजनाओं और विचार को प्रभावित कर रही थी। कप्तान के तौर पर यह उनके लिए काफ़ी मुश्किल समय था। निश्चित रूप से हमारे ड्रेसिंग रूम में उन्हें बहुत समर्थन मिल रहा था, लेकिन एक खिलाड़ी के रूप में इससे गुजरना एक कठिन अनुभव है। मुझे लगता है कि वह जिन चीज़ों से गुजर रहे हैं, उनमें से बहुत सी चीज़ें अनावश्यक हैं।

## वॉट्सऐप स्टेटस अपडेट में वीडियो शेयर करने का असली मजा, बवाल मचाएगा ये नया फीचर




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** वॉट्सऐप यूजर्स के लिए एक गुड न्यूज है। कंपनी पिछले कुछ दिनों से लगातार नए-नए फीचर ला रही है। इसी कड़ी अब स्टेटस अपडेट के लिए एक जबर्दस्त फीचर की एंट्री हुई है। इस फीचर के आने से यूजर स्टेटस अपडेट में 1 मिनट के वीडियो शेयर कर सकते हैं। वॉट्सऐप में आए इस नए अपडेट की जानकारी  ने दी।  ने अपने ऑफिशियल ङ्ग अकाउंट से किए गए पोस्ट में इस फीचर का एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। शेयर किए गए स्क्रीनशॉट में आप एक मिनट के वीडियो को स्टेटस अपडेट में शेयर करने वाले फीचर को देख सकते हैं। ङ्खड्ढ्ढक्च्ड्डद्गह्लड्ढद्घश्र के अनुसार यह नया फीचर वॉट्सऐप बीटा फॉर द्बह्रस् 24.10.10.74 में आया है। अगर आप बीटा यूजर हैं, तो इसे आप टेस्टफ्लाइट ऐप में चेक कर सकते हैं। 30 सेकंड की बजाय एक मिनट का वीडियो स्टेटस अपडेट शेयर करने वाला फीचर अभी बीटा यूजर्स के लिए ही रोलआउट हो रहा है। कंपनी बीटा टेस्टिंग के बाद इसके स्टेबल वर्जन को रोलआउट करेगी। वॉट्सऐप अपने ऐंड्रॉयड यूजर्स के लिए नया फीचर लेकर हाजिर है। यह फीचर पिन किए गए मेसेज को प्रीव्यू करने का ऑप्शन देता है। वॉट्सऐप में आए इस नए फीचर की जानकारी भी ङ्खड्ढ्ढक्च्ड्डद्गह्लड्ढद्घश्र ने दी है। इस फीचर की खास बात है कि यह सीधे पिन्ड मेसेज प्रीव्यू में मीडिया कॉन्टेंट का थंबनेल दिखाएगा। इससे यूजर्स को पिन्ड मेसेजेस को सेलेक्ट किए बिना ही फोटो, वीडियो या दूसरी मीडिया फाइल्स को पहचानने में आसानी होगी। ङ्खड्ढ्ढक्च्ड्डद्गह्लड्ढद्घश्र ने इस फीचर का एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है।

## केन्याई धावक रोजर क्वेमोई पाये गये ब्लड डोपिंग के दोषी, छह साल का प्रतिबंध




**नैरोबी( एजेंसी )।** केन्या के ओलंपियन और 10 हजार मीटर में पूर्व अंडर-20 विश्व चैंपियन रोजर क्वेमोई पर एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने ब्लड डोपिंग के लिए छह साल का प्रतिबंध लगा दिया है। सूत्रों ने बताया कि क्वेमोई को अपना प्रदर्शन बेहतर करने के लिए ब्लड बूस्टर के इस्तेमाल का दोषी पाया गया है। इसका खुलासा उनके एथलीट्स बायोलॉजिकल पासपोर्ट (एबीपी) से हुआ। एआईयू ने प्रतिबंध के फैसले पर 24 अप्रैल को ही मुहर लगा दी थी, हालांकि इसे शुक्रवार को सार्वजनिक किया गया। अब 27 साल के हो चुके धावक को पोलैंड में 2016 में विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में उनकी जीत के बाद पूर्व अफ्रीकी देश की लंबी दूरी की ट्रैक रनिंग का भविष्य माना जा रहा था। डेविड शार्प की अध्यक्षता वाले तीन जजों के लंदन स्थित पैनल ने क्वेमोई को ब्लड डोपिंग का दोषी करार दिया। साथ ही 18 जुलाई 2016 से 8 अगस्त 2023 के बीच उनके द्वारा जीते गये सभी खिताब, रिकॉर्ड और इनामी राशि वापस लेने का भी फैसला सुनाया गया है। इसके अतिरिक्त मामले की सुनवाई के खर्च के रूप में उन्हें वर्ल्ड एथलेटिक्स को तीन हजार डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया गया है। वर्ष 2022 में इस्तांबुल हाफ मैराथन में 59.15 मिनट का रिकॉर्ड बनाने वाले क्वेमोई ने लंदन के एक वकील के जरिये तीन जजों के समक्ष सुनवाई का विकल्प चुना। वकील ने बिना किसी शुल्क के उनके लिए मुकदमा लड़ा।

## पेटीएम का धमाकेदार ऑफर, फ्लाइट, ट्रेन और बसों की बुकिंग पर दे रहा जबरदस्त डिस्काउंट




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ने पेटीएम ट्रैवल कार्निवल' लॉन्च किया, जिसके तहत फ्लाइट, ट्रेन और बसों समेत यात्रा बुकिंग पर विशेष समर डील तथा डिस्काउंट मिलेंगे। स्पेशल सेल 17 से 21 मई तक चलेगा। यूजर पेटीएम के माध्यम से घरेलू उड़ानों की बुकिंग के लिए प्रोमो कोड स्स्ल्थ्क्रस्थ का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे उन्हें शून्य सुविधा शुल्क और अधिकतम 750 रुपये तक 10 प्रतिशत का डिस्काउंट मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की बुकिंग के लिए प्रोमो कोड द्बह्लञ्जस्स्थ के इस्तेमाल पर अधिकतम दो हजार रुपये तक आठ प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा सभी फ्लाइट बुकिंग पर नि:शुल्क कैंसिलेशन और बेस्ट-प्राइस की गारंटी होगी जिसके तहत एक तरफ की यात्रा या राउंड-ट्रिप टिकट के लिए सबसे कम कीमत सुनिश्चित की जाएगी। पेटीएम के एक प्रवक्ता ने कहा, गर्मियों में लोग यात्रा करना चाहते हैं और इसलिए समर ट्रैवल सेल की घोषणा करते हुए हमें खुशी हो रही है जिसमें उड़ानों, ट्रेन और बसों के टिकट पर सबसे ज्यादा छूट उपलब्ध है। हमारा उद्देश्य इन ऑफरों के साथ हमारे ग्राहकों को नये गंतव्यों को जानने और बिना ज्यादा लागत के गर्मी की छुट्टियों का आनंद उठाने में सक्षम बनाना है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के स्वामित्व वाली पेटीएम प्रोमो कोड ष्ट्रंङ्खस्स्थ के इस्तेमाल पर बस टिकटों पर 500 रुपये की छूट दे रही है। इसके अलावा चुनिंदा ऑपरेटरों के साथ बुकिंग पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी। पेटीएम के जरिये बुक कराये गये बस टिकट के साथ बस की लाइव ट्रैकिंग, नि:शुल्क कैंसिलेशन और बेस्ट-प्राइस की गारंटी मिल रही है। महिला यात्रियों की कंफर्ट और सुरक्षा के लिए बस रेटिंग, महिलाओं द्वारा सबसे ज्यादा बुक कराई गई और फीमेल फेवरेट जैसे फीचर दिये गये हैं ताकि वे विश्वसनीय जानकारी के आधार पर विकल्प चुन सकें। ट्रेन टिकट के मामले में पेटीएम यूपीआई से टिकट बुकिंग कराने पर लगने वाला कोई भी शुल्क नहीं लेगा।

## निलंबित होने के कारण अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेलेंगे हार्दिक पांड्या



**मुंबई( एजेंसी )।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को धीमी ओवर गति को लेकर एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। अब वह अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ख़िलाफ़ उनकी टीम समय पर अपने ओवर ख़त्म नहीं कर पाई थी। मुंबई के लिए यह मैच आईपीएल 2024 का आख़िरी मैच था। इसका मतलब यह हुआ कि हार्दिक अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यदि हार्दिक अगले सीज़न के लिए किसी अन्य टीम में चले जाते हैं, तो वह उस विशेष टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। इस आईपीएल सीज़न में यह तीसरी बार था जब मुंबई न्यूनतम ओवर रेट बनाए रखने में विफल रही। परिणामस्वरूप एक मैच के प्रतिबंध के अलावा हार्दिक पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और इम्पैक्ट प्लेयर सहित बाकी प्लेइंग बारह पर व्यक्तिगत रूप से 12 लाख रुपये या उनके मैच फीस का 50 फीसदी का जुर्माना लगाया गया। मुंबई के लिए यह एक निराशाजनक सत्र रहा है। लीग चरण में उनके आख़िरी मैच में भी उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स से 18 रनों की हार सामना करना पड़ा। इस सीज़न मुंबई की टीम ने सिर्फ़ चार ही मैच जीते और अंकतालिका में 10वें पायदान पर रहे। रोहित शर्मा की जगह पर कप्तान बनने के बाद फ़ैंस ने पूरे सीज़न हार्दिक के ख़िलाफ़ हूटिंग की। इसका साफ़ असर उनके प्रदर्शन पर भी देखने को मिला। उन्होंने इस सीज़न 13 पारियों में सिर्फ़ 18 की औसत से मात्र 216 रन बनाए।

# सवाना सीड्स और एडमा इंडिया ने निरंतर शोध एवं परीक्षण के बाद लॉन्च किया आधुनिक 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए एक खुशखबरी है। अब उन्हें खेतों में स्वत: उगने वाले खरपतवार एवं अवांछित जंगली पौधों से धान की मुख्य फसल को होने वाला नुकसान नहीं झेलना पड़ेगा। सवाना सीड्स और एडमा इंडिया ने धान की मुख्य फसल के साथ खेतों में स्वत: उगने वाले जंगली पौधों से निजात दिलाने के लिए निरंतर शोध और परीक्षण के बाद किसानों को 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन की सौगात दी है। बेमेतरा में क्षेत्र के एक हजार से अधिक स्थानीय किसानों की उपस्थिति में 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन को लॉन्च किया गया। धान की खेती की यह नई तकनीक किसानों के लिए कई मायनों में काफी लाभकारी है।'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन किसानों को खेती की लागत में प्रति एकड़ 6000 रुपये तक बचाएगा और पैदावार 25-40त्न तक बढ़ाएगा। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी 25-30त्न की कमी आएगी। यह राज्य में 60 लाख हेक्टेयर से भी अधिक जमीन पर धान की सीधी बुआई या धान की रोपाई के लिए डीएसआर विधि का उपयोग करने वाले किसानों के लिए एक वरदान है। फसल सुरक्षा उत्पाद बनाने वाली अग्रणी वैश्विक कंपनी सवाना सीड्स ने एडमा इंडिया के सहयोग से भारतीय बाजार में फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन लॉन्च किया है और किसानों तक इसका अधिक-से-अधिक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्मार्टराइस जेनेटिक्स और स्क्वाड बीज उपचार को समाहित करते हुए, फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन को सीधी बुआई वाले चावल (डीएसआर) के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। इसमें अद्वितीय आईएमआई हर्बिसाइड टॉलरेंस विशेषता और एडमा के वेज़िर हर्बिसाइड की विशेषताओं को संयुक्त रूप से एक साथ शामिल किया गया है। धान की एक व्यापक फसल प्रणाली के रूप में, फुलपेज भारत में धान की खेती को एक नया लाभकारी स्वरूप प्रदान करने के लिए तैयार है। फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) के अध्यक्ष सह सवाना सीड्स के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री अजय राणा ने इसके दूरगामी परिणामों की चर्चा करते हुए कहा, फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन खरपतवार प्रबंधन की महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान करके धान की खेती में क्रांति लाएगा। यह न केवल किसानों की आय में वृद्धि करता है, बल्कि पानी का संरक्षण भी करता है। साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को भी कम करता है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, सोमवार 20 मई 2024

## संक्रामक रोगों के रोकथाम करने आज बैठक

**रायपुर (विसं)।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार र नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में उत्पन्न होने वाले संक्रामक रोगों जैसे उल्टी-दस्त, डेंगू, पीलिया, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि संक्रामक रोगों की रोकथाम हेतु एक आवश्यक बैठक दिनांक 20 मई 2024 सोमवार को प्रातः 10 बजे रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में रखी गयी है।



# छत्तीसगढ़ पश्चिमांचल (पश्चिमी ओडिशा) सांस्कृतिक परिषद का उद्घाटन समारोह

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रेस को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि छत्तीसगढ़ पश्चिमांचल (पश्चिमी ओडिशा) सांस्कृतिक परिषद का उद्घाटन समारोह 18 मई, 2024 को हुआ। यह शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक वृंदावन हॉल, सिविल लाइन्स, रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित किया गया। लगभग 30 सदस्यों का एक प्रतिनिधि था, जो पश्चिमांचल (पश्चिमी ओडिशा) और छत्तीसगढ़ के बीच एक संगोष्ठी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान शुरू करने के लिए पश्चिमांचल (पश्चिमी ओडिशा) से आया था। हॉल में कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरू हुआ और योजना के अनुसार रात 10 बजे समाप्त हुआ। दिलचस्प और अत्यधिक मनोरंजक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इस प्रकार था-

छत्तीसगढ़ पश्चिमांचल (पश्चिमी ओडिशा) सांस्कृतिक विषय पर संगोष्ठी के लिए मंच पर ओडिशा और पश्चिमांचल (पश्चिमी ओडिशा) से दस-दस सदस्यों को बुलाया गया था। डॉ. सपन मिश्र (पश्चिमांचल) एवं श्री संजय कुमार मिश्र



(छत्तीसगढ़) ने इसकी शुरुआत की। इसमें श्रीमती निवेदिता मिश्रा (छत्तीसगढ़) ने भी सहयोग किया। उद्घाटन भाषण ओडिशा के बरहामपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर आदित्य प्रसाद पाढ़ी ने किया। पश्चिमांचल (पश्चिमी ओडिशा) और छत्तीसगढ़ से आये कई अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये. इनमें प्रमुख थे पद्मश्री भारती बंधु, पद्मश्री मदन सिंह चौहान, डॉ. चितरंजन कर, डॉ. महेंद्र मिश्र और छत्तीसगढ़ से डॉ. महादेव प्रसाद जयसवाल और पद्मश्री हलधर नाग, डॉ. दिलीप बेहरा, श्री शिवनारायण सत्पथी, इंजी. सुशांत गुरु, ओडिशा से श्री भक्त प्रसाद नंदा। सभी वक्ताओं की राय थी कि चूंकि छत्तीसगढ़ी और संबलपुरी संस्कृति दोनों में बहुत समानता है, इसलिए इन दोनों क्षेत्रों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक वार्षिक सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू किया जाना चाहिए। प्रसिद्ध संबलपुरी और छत्तीसगढ़ी कलाकारों द्वारा नृत्य प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और उनमें से कई ने पश्चिमांचल (पश्चिमी ओडिशा) के प्रतिष्ठित गीत रंगबती की धुन पर नृत्य भी किया। संबलपुरी नृत्य, गीत और सांस्कृतिक मंडली का नेतृत्व गुरु दुर्गा प्रसाद दाश, गुरु दुखनाशन बेहरा, प्रस्तुतकर्ता अभिनेत्री रोजी सारंगी/संजुक्ता मिश्रा, संगीतकार सरोज मेहर, नर्तक सुचरिता दास और नर्तक ज्योति मुंडा और रंग फरुआ नृत्य समूह के अन्य लोगों ने किया। छत्तीसगढ़ी नृत्य मंडली का नेतृत्व पैरी के धार लोक कला समिति, चंगोराभागा, रायपुर (छ.ग.) की गुरुमा प्रभा जोशी, गुरुमा गरिमा शर्मा, गुरुजी दुष्यन्त कुमार दुबे, तमन्ना और रागिनी, इंद्र कुमार, रोहित और लक्ष्मी ने किया। छत्तीसगढ़ के इस नृत्य समूह ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रमुख हस्तियों को पदक प्रदान करने के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### रायपुर रेल मंडल के भारत स्काउट-गाइड द्वारा डब्ल्यूआरएस रेलवे स्टेशन में यात्रियों को शीतल पेयजल की व्यवस्था

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत स्काउट एवं गाइड, रायपुर रेल मंडल के जिला आयुक्त श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी (वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक) के मार्गदर्शन में बढ़ती गर्मी को देखते हुए रायपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर निशुल्क शीतल पेयजल के लिए व्यवस्था गई है। इसी कड़ी में डब्लूआरएस रेलवे स्टेशन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल भारत स्काउट एवं गाइड नेहा नायक, कुंडॉली लीडर कविता नाग, दीक्षा बघेल जी सुदीप्ति द्वारा के 17 मई से यत्रियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने शीतल जल पिलाया जा रहा है। सेवा के नाम से मशहूर स्काउट-गाइड के विद्यार्थी बढ़ती गर्मी के मौसम में यात्रियों को शीतल जल पिला कर गर्मी से राहत दिलाने में महती भूमिका निभा रहे हैं। यह पुनीत कार्य में स्काउट गाइड दलों के प्रशिक्षक और विद्यार्थी भी उपस्थित होकर सहयोग कर रहे हैं, यह सेवा पूरे ग्रीष्मकाल तक जारी रहेगा।



### विश्व संग्रहालय दिवस पर जैन प्रतिनिधि मंडल ने किया रायपुर संग्रहालय का अवलोकन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थसंरक्षिणी महासभा एवं निर्ग्रन्थ सेंटर फॉर आर्कियोलॉजी के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 18 मई 2024 को विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर रायपुर में महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने महंत घासीदास संग्रहालय में जाकर वहां की तीर्थंकर प्रतिमाओं एवं जैन धरोहर का अवलोकन किया। इस अवसर पर संग्रहालय प्रबंधन के द्वारा कला विथिका में दो दिवसीय पुरातात्विक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रतिनिधि मंडल में श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश रारा, पंडित अजीत शास्त्री एवं भरत जैन ने संग्रहालय में मूर्तियों का अवलोकन कर अभिलेखागार के उपनिदेशक प्रताप पारख के साथ बैठक कर छत्तीसगढ़ की जैन पुरा संपदा के संरक्षण पर विस्तृत चर्चा की एवं उन्हें विदेशों में जैन धर्म तथा तीर्थ संरक्षिणी की मासिक पत्रिका के अप्रैल अंक की प्रति भेंट की। -**कैलाश रारा**

### बुद्ध जयंती पर मांस-मटन विक्रय प्रतिबंध

**रायपुर ( आरएनएस )।** नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई 2024 गुरूवार को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई 2024 गुरूवार को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई 2024 गुरूवार को किसी भी दुकान में मांस बिक्री करते पाये जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई 2024 गुरूवार को नगर पालिक निगम रायपुर के सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस बिक्री पर छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रतिबन्ध आदेश का परिपालन सुनिश्चित करवाने अपने-अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों में सतत पर्यवेक्षण करेंगे।

# कलिंगा विश्वविद्यालय ने द प्रोग्रेस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलिंगा विश्वविद्यालय ने आज 18 मई 2024 (शनिवार) को द प्रोग्रेस (श्री अरबिंदो योग और नॉलेज फाउंडेशन की एक इकाई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। (एमओयू) का उद्देश्य शैक्षणिक रुचि को बढ़ावा देने, सहयोगात्मक अनुसंधान, छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रम और द प्रोग्रेस के साथ संयुक्त रूप से राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के संचालन के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय की सहायता करना है।




द प्रोग्रेस श्री अरबिंदो योग एंड नॉलेज फाउंडेशन की एक पहल है, जिसका उद्देश्य शिक्षा में गुणवत्ता और मूल्यों को समृद्ध करना है। उनका लक्ष्य उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देना है जहां उत्कृष्टता, सामयिक प्रासंगिकता और सभी हितधारकों की भागीदारी को बढ़ावा देना हैं। समझौता ज्ञापन पर द प्रोग्रेस, प्रबंध निदेशक डॉ. समरेंद्र मोहन घोष और कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने हस्ताक्षर किए। इस सहयोग की मूल अवधारणा और उद्देश्य संस्थानों के बीच अनुसंधान/निरंतर शिक्षा गतिविधियों को बढ़ावा देना है। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा B+ मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिकों की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानकों के अनुसार छात्रों में नवाचार विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है।

# एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट को यूरोपीसीआर पेरिस में फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** यूरोपीसीआर एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी सम्मेलन है, जो प्रतिवर्ष पेरिस में होता है। डॉ. सुमंता शेखर पाढ़ी, को तीसरी बार फैकल्टी के रूप में आमंत्रित कियागया है, हर सालइस सम्मेलन में दुनिया भर के लगभग 10,000 हृदय रोग विशेषज्ञ भाग लेते हैं।



यूरोपीसीआर सम्मेलन हृदय विज्ञान के नवीनतम प्रगति पर चर्चा करने और विशेषज्ञों को अपने ज्ञान और अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान करता है। डॉ. पाढ़ी इस मंच पर स्टेमि पर अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन करेंगे, जिसमें सहज से लेकर जटिल मामलेशामिल हैं। उनके ज्ञान और अनुभव की वजह से उन्हें यह प्रतिष्ठित अवसर मिला है।

इस वर्ष, एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने छठी बार अपना केस प्रस्तुत किया है, जिसमें एक 60 वर्षीय मरीज का केस शामिल है, जिसे दिल का दौरापड़ने के बाद बायां वेंट्रिकल में एक छेद हो गया था। यह एक दिल के दौरा का जटिल मामला है, लेकिन कार्डियक एनेस्थेसिया और हृदय शल्य चिकित्सकों के सहयोग से यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई और मरीज को चौथे दिन डिस्चार्ज कर दिया गया। नारायणा हेल्थ उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और वैश्विक चिकित्सा ज्ञान के विकास में योगदान करने के लिए निषिद्धहै। डॉ. पाढ़ी की विशेषज्ञता और उनकी भागीदारी से यह स्पष्ट होता है कि हम हृदय विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रहे हैं। हमें गर्व है कि डॉ. सुमंता शेखर पाढ़ी को उनकी विशेषज्ञता के लिए पहचान मिली है और उन्होंने यूरोपीसीआर के प्रतिष्ठित मंच पर अपना ज्ञान साझा किया है। उनकी भागीदारी यह दिखाती है कि हम हृदय सेवा के क्षेत्र में प्रमुख स्थान पर बने रहने और चिकित्सा समुदाय में चर्चा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# ओडिशा में गरजे बृजमोहन अग्रवाल, नवीन सरकार पर साधा निशाना

**संबलपुर में धर्मेंद्र प्रधान और जयनारायण मिश्र के लिए मांगे वोट**

**कहा- पटनायक और पांडियन की नजर अब जगन्नाथ मंदिर के रत्नभंडार पर है**

**संबलपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रविवार को पार्टी चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा के संबलपुर पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र प्रधान और विधानसभा उम्मीदवार जयनारायण मिश्र के पक्ष में जनसंपर्क किया। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने उन्होंने नवीन पटनायक सरकार पर जमकर निशाना साधा।



बृजमोहन अग्रवाल ने ओडिशा नवीन पटनायक की नेतृत्व वाली बीजेडी सरकार राज्य के संसाधनों को पूरी तरह से लूटा है। राज्य को कंगाल बना दिया है पटनायक और पांडियन की नजर अब जगन्नाथ मंदिर के रत्नभंडार पर है। जिसकी चाभी को उन्होंने छुपा लिया है। लेकिन भाजपा उनके मकसद को पूरा नहीं होने देगी।

बृजमोहन अग्रवाल ने यह भी आरोप लगाया कि ओडिशा सरकार को नवीन पटनायक का ओडिशा और ओड़िया से कोई लगाव या नाता नहीं है। राज्य की सरकार को पटनायक नहीं बल्कि पांडियन चला रहे हैं।

बृजमोहन अग्रवाल ने लोगों से राज्य में खुशहाली लाने के भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र प्रधान और विधानसभा उम्मीदवार जयनारायण मिश्र को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

# रांची से संजय ही होंगे विजय : संजय श्रीवास्तव

**रांची में चुनाव प्रचार अभियान में जुटे छत्तीसगढ़ भाजपा के का प्रवासी कार्यकर्ता**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव व पर्यटन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा राय को रांची लोकसभा के प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गयी है। उनके साथ प्रदेश भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं की पूरी टीम की तैनाती की गयी है जो रांची लोकसभा के सभी विधानसभा में जनसंपर्क अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। रविवार को प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने कहा कि रांची के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। उनकी जीत रांची से तय है। यहां हर तरफ हेमंत सरकार के काले कारनामों की चर्चा है। जनता में इस सरकार के प्रति निराशा का भाव है। जनता जनार्दन मुक्ति मोर्चा एवं उसकी गठबंधन सरकार द्वारा किए गए छल का बदला 25 मई को लेगी। अपने एक-एक वोट से वह भाजपा को आशीर्वाद देगी तथा परिवारवाद और भ्रष्टाचार को सबक सिखाएगी. उन्होंने कहा, जिस सरकार पर प्रदेश के विकास की जिम्मेदारी थी, उस सरकार के मुखिया अपने परिवार के विकास को लेकर ही चिंतित रहें है। जिसे लेकर अब जनता में मन बना लिया है कि बेहतर झारखंड के निर्माण के लिये भाजपा ही एक विकल्प है। रांची में प्रदेश महामंत्री के साथ पूर्व सांसद कमल भान सिंह, विधायक रायमुनी भगत, प्रबोध मिंज, शकुतला सिंह पोर्ते, भरत साय और विक्रांत सिंह लगातार जनसम्पर्क अभियान में जुटे हैं।




# एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के प्रदेश के बच्चों में उत्साह का माहौल

**राज्य के 28 जिलों में आयोजित प्रवेश परीक्षा में 81.83 प्रतिशत विद्यार्थी हुए शामिल, परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रदेश भर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए इंट्रेंस एग्जाम सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया है। विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा के निर्देश एवं कड़ी निगरानी में सचिव श्री नरेन्द्र दुग्गा के मार्गदर्शन में परीक्षा का आयोजन किया गया।

एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए हुए परीक्षा में 29200 छात्र छात्राएं शामिल हुईं जबकि 35684 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, इसका प्रतिशत 81.83 रहा। परीक्षार्थियो का तिलक लगाकर स्वागत किया। परीक्षा परिणाम राज्य स्तर पर घोषित होगा और काउंसिलिंग पद्धति से प्रवेश दिया जाएगा।

आदिम जाति विभाग के अधिकारियों ने आज यहाँ बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कक्षा 6वीं में सत्र 2024 - 25 में प्रवेश के लिए इंट्रेंस एग्जाम आयोजित की गई है। प्रदेश के 28 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के 29200 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं। इसका प्रतिशत 81.83 रहा जबकि 6484 परीक्षार्थी एग्जाम में शामिल नहीं हुए। कुल 35,684 छात्र छात्राओ ने पंजीयन कराया था। इनमे 17 हजार 411 बालक और 18 हजार 273 बालिका शामिल हैं। एकलव्य शाखा प्रभारी उपायुक्त श्री प्रज्ञान सेठ द्वारा उक्त संबंध में आवश्यक लिखित निर्देश जारी कर अधिकारियों को कार्य सौंपे गए जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# शालीमार एलटीटी एक्सप्रेस में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के ड्रिलिंग मशीन के ड्रीलर का हेड लगने से ट्रेन के एसी कोच की खिड़कियों के कांच टूटने की घटना

**तीन घायल यात्रियों में से एक यात्री को उपचार उपरांत घर भेजा गया दो यात्रियों नारायण हॉस्पिटल में चल रहा इलाज**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में उरकुरा स्टेशन से गाड़ी संख्या 18030 शालीमार एलटीटी एक्सप्रेस गुजर रही थी। घटना स्थल पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (CSPDCL) के कांट्रेक्टर द्वारा रेलवे को संज्ञान में लाये बिना ड्रिलिंग मशीन से रेलवे लाइन के नीचे ड्रिलिंग किया जा रहा था उसी समय ड्रीलर का हेड लगने से ट्रेन के एसी कोच बी-4, बी-5, बी-6 के खिड़कियों के कांच टूटने की घटना घटित हुई।

जिसमें ट्रेन में चलने वाले ओबीएचएस (सफाई कर्मी) स्टाफ श्री नारायण चंद बाग उम्र 30 साल को एवं एक अन्य यात्री (व्यक्ति) देवारी लाल धीवर उम्र 30 साल हाथ में चोट आई। एक रेल यात्री उम्र 12 साल जो अपने परिवार के साथ खड़गपुर से एलटीटी की यात्रा कर रहे थे उन्हें आंख के पास चोट आई इन्हें उपचार के उपरांत परिवार सहित विशाखापट्टनम-एलटीटी एक्सप्रेस से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए रेलवे द्वारा टिकट की व्यवस्था कर भेजा गया। रायपुर स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने के 5 मिनट के अंदर डॉक्टर एवं एंबुलेंस की टीम पहुंच गई एवं यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिया गया और घायल यात्रियों को नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत बेहतर है।



घटना की जानकारी लगते ही रायपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) आशीष मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) आरके साहू, रायपुर स्टेशन पर पहुंचे। 10:20 बजे शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस के रायपुर पहुचते ही स्टेशन पर कार्यरत सभी कर्मचारी वाणिज्य निरीक्षक, वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल के जवान तत्परता के साथ यात्रियों की देखभाल में लग गए। घायल यात्रियों को नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया एवं अन्य सभी यात्रियों की सरंक्षा की पुष्टि के उपरांत 11:40 बजे रायपुर स्टेशन से ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। चोटिल यात्रियों से मिलने नारायणा हॉस्पिटल में मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार द्वारा चोटिल यात्रियों से बात की गई उनके परिजनों से बात कर संतुष्टि जाहिर की। रेलवे द्वारा चोटिल यात्रियों के लिए बेहतरीन चिकित्सा एवं खानपान की व्यवस्था व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मंडल रेल प्रबंधक ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को चोटिल यात्रियों को उचित एवं त्वरित इलाज सुनिश्चित करने तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को अनुग्रह राशि दिए जाने को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। तत्पश्चात सरंक्षा एवं अन्य मंडलीय अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया साथ ही मुख्यालय से अधिकारियों की टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाकर जानकारी ली गई उनके द्वारा यह माना गया की घटना स्थल पर निर्धारित मानकों को अनदेखा कर ठेकेदार द्वारा कार्य संपन्न किया जा रहा था। घटना की विस्तृत जानकारी पूरी जांच होने के बाद दी जाएगी।

घटना के विषय में रेल का खंबा गिरने की खबर भ्रामक है घटना का कारण भूमिगत ड्रिलिंग सॉफ्ट का जमीन से ऊपर आकर रेल कोच से टकराना पाया गया है जिससे यात्रीगण चोटिल हुए हैं। चोटिल यात्रियों में श्री देवारी लाल धीवर ही पाए गए उनके पिता श्री खमन लाल दीवार को सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री अविनाश कुमार आनंद द्वारा अनुग्रह राशि 50, 000 रुपए सौंपी गई। मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने इस घटना की जांच कराने का आदेश सम्बंधित अधिकारीयों को दिये, भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो यात्रियों की सुरक्षा एवं सरंक्षा सर्वोपरि प्राथमिकता है इस हेतु सभी की निदेशित किया।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354